गुरुवार, 12 फरवरी 2026

मौसम

तापमान	16 – 29
आर्द्रता	58%
सूर्योदयः 06:11	सूर्यास्तः 17:31

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन काल्पनिक है इस बात का प्रमाण मृत्यु है।

वंदे भारत में एसी चेयर कार का किराया चीन, जापान और फ्रांस की तुलना में काफी कम : वैष्णव पृष्ठ 7

भारत सरकार

नहर, कुआँ, सिंचाई साधन, जल का हो विस्तार,
खेत जल वितरण प्रणाली से सींचे हर खेत अपार।
बूँद-बूँद से फसल संवरे, समृद्ध हो किसान हर बार।

CBC 35101/13/0114/2526

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G

(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025

125 दिन की रोज़गार गारंटी

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

कोलंबो में भारत-पाक मुकाबले पर तिलक ने कहा, हम तैयार हैं (पृष्ठ 8)

चांदी 4,000 रुपये बढ़कर 2.68 लाख रुपये पर, सोना भी मजबूत (पृष्ठ 8)

जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

सभी 6अंतरा गाना जरूरी | **स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई** | **सिनेमाघरों को छूट**

नयी दिल्ली : राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ऐसे में अब राष्ट्र गान 'जन गण मन' से पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजेगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार सरकार ने आधिकारिक मौकों पर 'वंदे मातरम' के छह अंतरा वाले संस्करण को बजाना या गायन अनिवार्य किया है। जिसकी कुल अवधि 3:10 मिनट होगी। राष्ट्रगीत के सभी छह छंद बजाए जाएंगे, जिनमें वे चार छंद भी शामिल हैं, जिन्हें कांग्रेस ने 1937 में हटा दिया था। नए दिशानिर्देशों के अनुसार यह नियम राष्ट्रीय ध्वज फहराने, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, उनके भाषणों या राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में अनिर्वाय तौर पर लागू

सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य

गाइडलाइंस में आगे बताया गया है कि इस दौरान सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। इसी के साथ गृह मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों से यह भी कहा है कि वे रोजाना स्कूल में प्रार्थना या जरूरी शैक्षणिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' गीत को बढ़ावा दें। इस कदम का मकसद छात्रों और आम लोगों में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देना है।

निर्वाचन आयोग बंगाल की 78 बड़ी हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र करेगा स्थापित

आवासीय समितियों की सूची 25 फरवरी को होगी प्रकाशित

कोलकाता, समाज्ञा : निर्वाचन आयोग ने राज्य के 78 बड़े आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है और इन आवासीय समितियों की सूची 25 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों की स्थापना के लिए 78 आवासीय परिसर चिह्नित किए गए हैं। विस्तृत सूची 25 फरवरी को सार्वजनिक की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाताओं की संख्या में भारी कमी आने की आशंका है, इसलिए मतदान केंद्रों की कुल संख्या भी कम हो जाएगी। निर्वाचन आयोग का कहना है कि बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले कई निवासी मतदान केंद्रों के दूर होने के कारण अक्सर मतदान नहीं करते हैं। चुनाव अधिकारी ने कहा कि अनुभव से पता चलता है कि जब मतदान केंद्र दूर होते हैं, तो कई मतदाता, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, मतदान करने नहीं आते हैं। बड़े आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र स्थापित करने से मतदान अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि 300 से अधिक पंजीकृत मतदाताओं वाले आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

ट्रेड यूनियनों की आज हड़ताल, आवश्यक सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

नयी दिल्ली : केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के साझा मंच द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल की वजह से बृहस्पतिवार को पूरे देश में बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य के साथ-साथ गैस और पानी आपूर्ति से जुड़ी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। 12 फरवरी को होने वाली आम हड़ताल में अलग-अलग क्षेत्र के 30 करोड़ कामगारों के शामिल होने की उम्मीद है। ट्रेड यूनियनों के एक समूह ने नौ जनवरी को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया था ताकि ''केंद्र सरकार की मज़दूर-विरोधी, किसान-विरोधी और देश-विरोधी, कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध'' दिखाया जा सके। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने पीटीआई भाषा को बताया, ''12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की वजह से बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, गैस और जलापूर्ति की सेवाओं पर असर पड़ेगा।'' उन्होंने बताया कि सभी बैंक यूनियन हड़ताल में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उनका यूनाइटेड फ्रंट 27 जनवरी को पहले ही हड़ताल कर चुका है। हालांकि, एआईबीईए, एआईबीओए और बीईएफआई जैसी बैंक कामगार यूनियनें विरोध में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा, कौर ने कहा कि खनन और गैस पाइपलाइन क्षेत्र पर भी इस आंदोलन का असर दिखने की उम्मीद है। बीमा क्षेत्र के कर्मचारी इस क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) की इजाज़त देने और नए श्रम कानून लागू करने के सरकार के फैसले का विरोध करेंगे।

हड़ताल पर बंगाल सरकार का कड़ा रुख, अनुपस्थित कर्मचारियों का कटेगा वेतन व होगी कार्रवाई

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य सचिवालय नवान्न ने 12 फरवरी को 24 घंटे के राष्ट्रव्यापी हड़ताल (भारत बंद) के आह्वान का कड़ा विरोध किया है। वित्त विभाग द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी कार्यालय यहां तक कि राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यालय भी उस दिन खुले रहेंगे और सभी कर्मचारियों को काम पर आना होगा। अधिसूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 12 फरवरी (गुरुवार) को किसी भी कर्मचारी को आकस्मिक अवकाश या किसी भी अन्य प्रकार का अवकाश नहीं दिया जाएगा, चाहे वह आधे दिन का हो या पूरे दिन का। यदि उस दिन अनुपस्थिति मानी जाती है, तो उसे अस्थायी अनुपस्थिति माना जाएगा और उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में छूट दी गई है। उदाहरण के लिए, यदि कोई कर्मचारी अस्पताल में भर्ती है, परिवार में किसी की मृत्यु हो गई है, 11 फरवरी से पहले गंभीर बीमारी के कारण छुट्टी पर है, या 11 फरवरी से पहले स्वीकृत बाल देखभाल अवकाश, मातृत्व अवकाश, चिकित्सा अवकाश या अर्जित अवकाश पर है, तो उसकी अनुपस्थिति स्वीकार्य मानी जा सकती है।

'घर-घर जायें, नो मैपिंग श्रेणी के वोटर्स की करें जांच'

तृणमूल सुप्रीमो ममता ने पार्टी के बीएलए-2 के साथ बैठक में दिए निर्देश

कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत 14 फरवरी तक सुनवाई होगी। यानी, सुनवाई खत्म होने में अब सिर्फ 3 दिन बचे हैं। इसी बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने आवास पर पार्टी के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए-2) के साथ अहम बैठक की। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बीएलए-2 से कहा कि अब तक जिन मतदाताओं के नाम नो मैपिंग श्रेणी में हैं, उनके घर-घर जायें और जांच करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मतदाता सूची से

जिनका भी नाम कटा है या जिन्हें अब तक अनमैप्ड बताया गया है, उन सभी लोगों के घर जायें और खुद देखें कि वहां कोई है या नहीं। ममता ने बीएलए-2 से कहा कि राज्य में जान-बूझकर वैध मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, इसलिए हमें इसकी पूरी जांच स्वयं करनी होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कितने लोगों के नाम तार्किक विसंगतियों (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज) की लिस्ट में हैं, उसकी पूरी जानकारी दें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी वैध वोटर का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए। जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं, उन सभी वोटर्स के घर-घर जाकर जांच करें, ताकि किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके।

सीबीएसई 2026 से कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' लागू करेगा

नयी दिल्ली : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) वर्ष 2026 से कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 10वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन वर्ष 2026 में भी पहले की तरह 'फिजिकल मोड' में ही किया जाएगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, कार्यक्षमता और पारदर्शिता बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के तहत बोर्ड ने 2026 की परीक्षाओं से कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। कक्षा 10वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का

मूल्यांकन 2026 में पूर्ववत भौतिक रूप से ही किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस कदम से समन्वय बेहतर होगा और अंकों के जोड़-घटाव में होने वाली त्रुटियां समाप्त होंगी। भारद्वाज ने कहा, डिजिटल मूल्यांकन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया तेज होगी और अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में रहकर नियमित कार्य करते हुए मूल्यांकन कर सकेंगे।

बांग्लादेश में आम चुनाव आज

50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्र 'संवेदनशील'

ढाका : बांग्लादेश में गुरुवार (12 फरवरी, 2026) को महत्वपूर्ण संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। ये चुनाव छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह के लगभग 18 महीने बाद हो रहे हैं। जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता को गिरा दिया था। उस समय अवामी लीग का नेतृत्व था। शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला था। देश में 13वें संसदीय चुनाव 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ-साथ हो रहे हैं। हसीना की अवामी लीग को चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) सबसे आगे चल रही है। अधिकारियों ने कहा है कि इनमें से 90 प्रतिशत मतदान केंद्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे और राजधानी ढाका में 'बॉडी कैमरे' लगाए कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग की सुरक्षा प्रणाली जोखिम मूल्यांकन पर आधारित है।

'वायुशक्ति' में भाग लेंगे राफेल, तेजस; 'ऑपरेशन सिंदूर' में वायुसेना की सफल भूमिका की झलक पेश करेंगे

नयी दिल्ली : सैन्य अभ्यास 'वायुशक्ति' में राफेल, सुखोई-30, मिग-29, तेजस, जगुआर और अन्य लड़ाकू विमान शामिल होंगे, जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की सफल भूमिका की झलक पेश करेंगे। वायुसेना के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वायुशक्ति 27 फरवरी को राजस्थान के 'पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज' में आयोजित किया जाएगा। वायुसेना उपाध्यक्ष एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया कि राजस्थान के पोकरण में इस सैन्य

शक्ति अभ्यास के दौरान लंबी दूरी के लक्ष्य बनाने' का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विवार्षिक इस अभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह पिछले वर्ष के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित किया जा रहा है। वायुसेना अधिकारी ने बताया कि लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान सहित 120 से अधिक विमान इस अभ्यास में भाग लेंगे। अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में दिए गए प्रस्तुतीकरण में कहा कि इस अभ्यास में राफेल, सुखोई-30, मिग-29, तेजस, जगुआर और मिराज-2000 के अलावा अपाचे, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंद और उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर भी शामिल होंगे।

सरकार ने केंद्रीय करों में हिस्सेदारी में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया: सीतारमण

राज्यों को केंद्र से राजस्व का 41% हिस्सा मिलता हैं

मेडिकल हब, टेक्सटाइल पार्क, केमिकल पार्क से रोजगार सृजन होगा

नयी दिल्ली : लोकसभा में बजट पर चर्चा के जवाब में बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यों का यह आरोप बिल्कुल गलत है कि उन्हें केंद्र से पर्याप्त वित्तीय राशि नहीं मिलती है।उन्होंने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिश के मुताबिक केंद्र के राजस्व में राज्यों का जो भी हिस्सा बनता है, वह दिया गया। केंद्र के राजस्व का 41 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को दिया गया। लेकिन केंद्र की तरफ से वसूले जाने वाले सेस और सरचार्ज में राज्यों को हिस्सेदारी नहीं दी गई। उन्होंने सदन में स्पष्ट करते हुए कहा कि केंद्र के ग्रास टैक्स रेवेन्यू में सेस और सरचार्ज दोनों शामिल होता है और जब सेस व सरचार्ज को हटा देते हैं तो वह नेट प्रोसिड कहलाता है और नियम के मुताबिक उस नेट प्रोसिड का 41 प्रतिशत राज्यों को दिया गया। सेस

शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मद में एक खास मकसद के लिए लिया जाता है। कोई भी राज्य केंद्र के पास इस प्रकार का प्रस्ताव लेकर आते हैं तो केंद्र सहयोग करता है। इस बार के बजट में मेडिकल हब, एजुकेशन हब, विशेष प्रकार के निर्माण क्लस्टर, मेगा टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की गई है। अब इसके लिए कोई राज्य अपने प्रस्ताव लेकर केंद्र के पास आ सकता है। हम उसका पूरा सहयोग करेंगे।

'केमिकल पार्क... बंगाल आ सकता है आगे'

उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के मद में कैपेक्स के रूप में आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 12.22 लाख करोड़ की घोषणा की गई है, लेकिन इंफ्रा विकास के लिए राज्यों को जो लंबे समय के लिए कर्ज के रूप में दिए जाते हैं, उस राशि को जोड़ दिया जाए तो कैपेक्स के मद में 17.1 लाख करोड़ का आवंटन किया गया जो जीडीपी का 4.4 प्रतिशत होता है। केमिकल पार्क की घोषणा की गई है। पश्चिम बंगाल इसके लिए आगे आ सकता है।

एक लाख नई नौकरियां पैदा होंगी- वित्त मंत्री

बजट में रोजगार सृजन पर वित्त मंत्री ने बताया कि पांच रिजनल मेडिकल हब व एजुकेशन हब से युवाओं को स्किल करने के साथ उनके लिए रोजगार का भी सृजन होगा। मेडिकल हब से युवाओं के रोजगार के लिए एक लाख अवसर निकलेंगे। पांच नए लेदर व टेक्सटाइल के पार्क बनाए जाएंगे और यहां भी बड़ी संख्या में रोजगार निकलेगा। बुजुर्गों की देखभाल के लिए अगले वित्त वर्ष में 1.5 लाख लोगों को कुशल बनाया जाएगा।

व्यापार समझौते में सरकार अमेरिका के सामने झुक गई : राहुल

नयी दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार झुक गई और उसे इस पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस तरह का समझौता करने को विवश हुए क्योंकि अमेरिका का उन पर दबाव है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सत्तापक्ष के सदस्यों की टोका-टाकी के बीच यह भी कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी और सरकार पर निशाना साधते हुए अमेरिका में एक भारतीय उद्योगपति के खिलाफ दर्ज मामले और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एक प्रकरण का उल्लेख किया, जिस पर पीठासीन सभापति ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड

में शामिल नहीं होगा। राहुल गांधी ने कहा, ''मुझे सबसे ज़्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में क्या हुआ। अगर हम 'इंडिया' गठबंधन (की सरकार में) अमेरिका के राष्ट्रपति से बातचीत कर रहे होते, तो हम एक बात बिल्कुल साफ़ करते कि इस पूरे समीकरण में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी भारतीय डेटा है। अगर अमेरिका डॉलर को सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे यह मानना होगा कि भारतीय डेटा एक रणनीतिक पूंजी है और किसी भी चर्चा को बराबरी के स्तर पर होना चाहिए, मालिक और नौकर की तरह नहीं।''

राहुल गांधी के झूठे बयानों को सदन की कार्यवाही से हटाने का अनुरोध करेंगे: रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी का भाषण ''झूठ से भरा'' था और सत्तारूढ़ गठबंधन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा किये गए ''झूठे'' दावों को सदन की कार्यवाही से हटाये जाने का अनुरोध करेगा। केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल के भाषण के तुरंत बाद, रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य आसन को एक नोटिस देंगे, जिसमें नेता प्रतिपक्ष द्वारा बोले गए किसी भी कथन के प्रमाणीकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी ने जो भी झूठ बोला है, हम उसे रिकॉर्ड से हटाये जाने की मांग करेंगे।'' हालांकि, राहुल गांधी ने अपने बयानों को प्रमाणित करने का वादा किया है, लेकिन मंत्री ने कहा, ''मुझे पता है कि वह उन्हें प्रमाणित नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने झूठ बोला है। उन्होंने सदन में झूठ बोला है।''

कांग्रेस ने देश को बेचा, मोदी ने नहीं : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बुधवार को पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस 2013 में बाली में विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की बैठक में भारत के हितों से समझौता करके आई थी। उन्होंने बजट पर चर्चा में राहुल के भाषण को लेकर उन पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करके नरेन्द्र मोदी सरकार ने पूरी तरह समर्पण कर दिया है और ''उसे शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है।'' सीतारमण ने बजट पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 2013 में (इंडोनेशिया के) बाली में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस समझौता करके आई थी। उन्होंने दावा किया, ''इस समझौते के कारण 2017 से भारत में किसान से कोई खरीद नहीं हो सकती थी। हम राशन की दुकान से गरीबों को कुछ नहीं दे सकते थे।''

जमानत मांगते समय आरोपी के पूर्व के अपराध का खुलासा करना अनिवार्य: उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि जमानत मांगने वाले प्रत्येक आरोपी का यह दायित्व है कि वह जमानत संबंधी निर्णयों में एकरूपता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए हलफनामे के माध्यम से अपने पूर्व के अपराध का खुलासा करे। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि जमानत मांगने वाले आरोपी या आवेदक का यह दायित्व है कि वह न्यायिक विवेक के प्रयोग को सीधे प्रभावित करने वाले सभी महत्वपूर्ण तथ्यों का निष्पक्ष, पूर्ण और स्पष्ट खुलासा करे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाना, छिपाना या चुनिंदा रूप से प्रकट करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और आपराधिक न्याय प्रशासन की मूल नींव पर प्रहार करता है। इसने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि जमानत आवेदनों में प्राथमिकी संख्या और तिथि, संबंधित पुलिस थाने का नाम, जांच एजेंसी द्वारा लगाई गई धाराएं और कथित अपराधों के लिए निर्धारित अधिकतम सजा आदि का उल्लेख होना चाहिए। न्यायालय ने कहा, ''इस न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया जाता है कि वह इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजें। उच्च न्यायालय अपने नियम बनाने की शक्तियों के अनुरूप उचित प्रशासनिक निर्देश जारी करने या अपने-अपने नियमों में उपयुक्त प्रावधान शामिल करने की व्यवहार्यता की जांच कर सकते हैं। मार्गदर्शन के लिए इस फैसले की एक प्रति जिला न्यायपालिका को भी भेजी जाए।'' वकीलों को फर्जी डिग्री प्रमाणपत्र जारी करने के आरोपी व्यक्ति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को रद्द करते हुए ये निर्देश दिए गए।

हितधारक संस्थाओं की जवाबदेही तय हो

देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों पर शीर्ष अदालत का सख्त रुख वक्त की जरूरत है। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में 54 हजार करोड़ रुपये का डिजिटल फ्रॉड सीधे-सीधे डकैती है। साइबर ठगी खासकर डिजिटल अरेस्ट के जरिये उपभोक्ताओं का करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जवाबदेह हितधारकों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने सीबीआई, बैंकों, आरबीआई की कोताही पर प्रश्न खड़े किए। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इन संस्थाओं ने लोगों के खून-पसीने की कमाई को बचाने के लिये समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाये हैं। कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में कतिपय बैंक अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट का कहना था कि यह कैसे संभव है कि बैंक अधिकारियों की नाक के नीचे साइबर ठग खाताधारकों का करोड़ों रुपया ठिकाने लगाने में कामयाब हो जाते हैं। कोर्ट ने आशंका जतायी कि इन साइबर ठगी में बैंक अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत हो सकती है। साइबर ठगी को सीधी डकैती की संज्ञा देते हुए अदालत ने कहा कि इस ठगी पर रोक के लिये केंद्र सरकार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर यानी एसओपी तैयार करे। इतना ही नहीं कोर्ट ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य हितधारकों के लिये चार सप्ताह में एसओपी का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। बैंकों की कारगुजारी पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने कहा कि बैंकों को अहसास होना चाहिए कि वे जनता के पैसों के ट्रस्टी हैं। उन्हें जनता के भरोसे को नहीं तोड़ना चाहिए। कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई कि आखिर कैसे साइबर ठगी के लाखों केस सामने आ रहे हैं। अकसर सवाल उठाये जाते रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट व अन्य धोखाधड़ी के मामलों में करोड़ों रुपये साइबर अपराधी दूसरे खातों में डाल रहे होते हैं तो बैंक समय पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? जबकि बैंकों के पास डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड करने का भी अधिकार है।

इसमें दो राय नहीं कि बैंकों के पास ऐसा सिस्टम होना जरूरी है, जिसके जरिये निगरानी हो सके कि कैसे किसी के खाते से निकाली गई बड़ी धनराशि जल्दी-जल्दी दूसरे खातों में हस्तांतरित हो रही है। निश्चित तौर पर बैंकों के सुरक्षा सिस्टम को तत्काल ऐसे मामलों में संज्ञान लेना चाहिए। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को रिजर्व बैंक के बाबत टिप्पणी करनी पड़ी कि साइबर ठगी के जरिये जिन खातों से पैसा ठिकाने लगाया जाता है, उस पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यह सवाल तार्किक है कि अब तक संबंधित बैंक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे रहे हैं? इसमें दो राय नहीं कि यदि बैंक,पुलिस और अन्य एजेंसियां समय रहते तत्काल कार्रवाई करें तो लोगों के खातों में डकैती से हुए नुकसान को कम किया जा सकता है। वैसे एक साल में बाइस लाख साइबर ठगी की शिकायतें सामने आने के बाद कहना कठिन है कि सीबीआई और अन्य एजेंसियां साइबर ठगी के मामलों में तत्काल अंकुश लगा पाएंगी। वक्त की जरूरत है पुलिस व अन्य एजेंसियों को प्रशिक्षित करके इतना सक्षम बनाया जाए कि वे इन अपराधों की संख्या पर रोक लगा सकें। यह तभी संभव है जब देश का गृह मंत्रालय, केंद्रीय बैंक और टेलीकॉम अथॉरिटी मिलकर इस दिशा में तुरत-फुरत काम करें। इसके लिये जरूरी है कि पूरे देश में यथाशीघ्र एसओपी लागू किया जाए। जिसके लिये शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह के भीतर ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। निश्चित ही यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि एक छोटे राज्य के सालाना बजट से अधिक करीब 54 हजार करोड़ रुपये की धनराशि साइबर डकैती से लूट ली गई है। जिसमें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों की भूमिका बनी हुई है। आज देश के बुजुर्गों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों व भोले-भाले लोगों को जिस तरह साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, उसके खिलाफ केंद्र सरकार को राज्य सरकार व अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है।

योगी के बजट से 2027 की बिसात, आंकड़ों के सहारे सियासी दांव

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है। पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष विश्वास का बजट बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है।

सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है।

प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है।

गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है। चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं।

रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24

प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है।

युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है। अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं।

कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है।

महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है।

कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं। डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है।

कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा। -वरिष्ठ पत्रकार

यूपी : योगी सरकार ने पेश किया 9.12 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट

- युवाओं और किसानों के लिए खोला खजाना
- सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान मुख्य थीम

लखनऊ : योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने यूपी विधानसभा में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। यह योगी सरकार का 10वां व उसके दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

हमारी सरकार ने चौतरफा विकास किया - वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राज्य विधानसभा में 9,12,696.35 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत करते हुए कहा, 'हमारी सरकार के पिछले और मौजूदा समय में, राज्य में हर तरफ विकास हुआ है, चाहे वह कानून-व्यवस्था को मजबूत करना हो, इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को बढ़ाना हो, इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट हो, रोजगार पैदा करना हो, महिला सशक्तिकरण हो, युवाओं का स्किल डेवलपमेंट हो, किसानों की खुशहाली हो और गरीबी खत्म करना हो।'

बजट का आकार पिछले वर्ष की तुलना में 12.9 फीसदी ज्यादा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रस्तुत यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 12.9 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने इसमें शिक्षा को 12.4 प्रतिशत और चिकित्सा को छह प्रतिशत बजट आवंटित किया है। राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत रखते हुए सरकार ने युवाओं के लिए 'टेक युवा-समर्थ युवा' और किसानों के लिए मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी है। इस बजट के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रति व्यक्ति आय अब 1,09,844 रुपये, बेरोजगारी दर घटकर 2.24 फीसदी

प्रदेश का यह बजट 9 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय अब 1,09,844 रुपये हो गई है, जो 2016-17 की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। सरकार का लक्ष्य है कि 2025-26 तक इसे 1,20,000 रुपये तक पहुंचाया जाए। प्रदेश की जी.एस.डी.पी में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और बेरोजगारी दर घटकर मात्र 2.24 प्रतिशत रह गई है। उत्तर प्रदेश अब देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र बन चुका है।

युवाओं के लिए रोजगार और एआई मिशन

युवाओं के लिए सरकार ने 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना और एआई मिशन की शुरुआत की है। पुलिस विभाग में अब तक 2,19,000 से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं और 83,122 पदों पर प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को बिना ब्याज के ऋण देकर हर वर्ष एक लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अब तक लगभग 50 लाख टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे जा चुके हैं।

किसानों को मुफ्त बिजली और सौगातें

किसानों की खुशहाली के लिए सरकार ने नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली आपूर्ति जारी रखी है। गन्ना किसानों को रिकॉर्ड 3,04,321 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने के दाम में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों को 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए 3.12 करोड़ किसानों के खातों में 94,668 करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं।

महिला सशक्तिकरण और 'सेफ सिटी'

महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए 'सेफ सिटी' परियोजना के तहत सीसीटीवी नेटवर्क और एंटी रोमियो स्क्वाड को मजबूत किया गया है। वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण और मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है। 'महिला सामर्थ्य योजना' के तहत दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां गठित की जा रही हैं। महिला गन्ना किसानों को पर्ची निर्गमन में भी प्राथमिकता दी जा रही है।

तकनीक और भविष्य की योजनाएं

सरकार ने प्रदेश में 'स्टेट डाटा अथॉरिटी' और 'डाटा सेंटर क्लस्टर्स' की स्थापना का निर्णय लिया है। उभरती हुई तकनीकों के लिए 'नयी और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन' बनाया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन' योजना लाई जा रही है।

धर्मार्थ कार्य, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने पर योगी सरकार का विशेष जोर

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किये गये वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में धर्मार्थ कार्य, संस्कृति और पर्यटन विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि मिर्जापुर के त्रिकोणीय क्षेत्र, मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ एवं जन सुविधा स्थलों को विकसित किये जाने के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। खन्ना ने बताया कि जनोपयोगी संरक्षित मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में सदन को यह भी बताया कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम तक पहुंच मार्ग परियोजना के अंतर्गत श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम मुख्य पहुंच मार्ग (रामपथ) का निर्माण कार्य पूर्ण होने वाला है।

राजस्थान बजट में 8वें वेतन आयोग को लेकर बड़ा ऐलान, खुशी से झूम उठे लाखों कर्मचारी और पेंशनर्स

जयपुर : राजस्थान सरकार ने बजट में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए कई अहम घोषणाएं की हैं। सरकार ने भविष्य में आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का ऐलान किया है। यह समिति कर्मचारी संगठनों की मांगों का तुलनात्मक अध्ययन कर अपनी अनुशंसाएं देगी। साथ ही पदोन्नति के समुचित अवसर और वेतनमान संशोधन को लेकर भी सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। राजकीय विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का प्रावधान किया जाएगा। यदि चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष के भीतर सेवा परित्याग, मृत्यु या अन्य कारण से पद छोड़ता है तो वर्गवार प्रतीक्षा सूची से उम्मीदवारों को नियुक्ति का अवसर मिलेगा।

महिला कर्मचारियों को विशेष राहत

महिला कर्मचारियों को वर्तमान में तीन चरणों में तीन वर्ष तक चाइल्ड केयर लीव मिलती है। एकल महिला कर्मचारियों के लिए इसे दो चरणों में स्वीकृत करने का प्रस्ताव है। सरोगेसी के मामलों में सरोगेट मदर को 180 दिन और कमीशनिंग मदर को 90 दिन का मातृत्व अवकाश देने की घोषणा की गई है।

पेंशनर्स के लिए आसान प्रक्रिया

पारिवारिक पेंशन पाने वाले

दिव्यांग बच्चों को अब हर वर्ष स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने की बाध्यता नहीं होगी; एक बार प्रमाण पत्र पर्याप्त होगा। पेंशनर्स मोबाइल ऐप के जरिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक से वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

अनुकम्पा नियुक्ति का दायरा बढ़ा

मृत सरकारी कर्मचारी के पुत्र/पुत्री को पात्र आश्रितों की सूची में शामिल किया जाएगा। ड्यूटी के दौरान ऐसी दिव्यांगता की स्थिति में, जिससे कर्मचारी राजकार्य करने में असमर्थ हो जाए, उसके पुत्र/पुत्री को भी अनुकम्पा नियुक्ति मिलेगी।

सैलरी अकाउंट पैकेज की शुरुआत

राज्य सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए 'सैलरी अकाउंट पैकेज' शुरू किया जाएगा। इसमें उन्नत डिजिटल बैंकिंग, रियायती ब्याज दर पर ऋण और बीमा सुविधाएं मिलेंगी। यह सुविधा 70 वर्ष तक की आयु के पेंशनर्स को भी उपलब्ध होगी।

इन घोषणाओं से लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स में उत्साह का माहौल है।

बजट 'विकसित राजस्थान 2047' के रोडमैप पर आधारित: शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2026-27 का 6.10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट विकसित राजस्थान 2047 विजन दस्तावेज को धरातल पर उतारने की कार्य योजना के रूप में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय पहली बार दो लाख रुपये से अधिक हो गई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बजट पेश करने के बाद पत्रकार वार्ता में कहा, आज हमने 2026-27 का बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया है, जो हमारे 'विकसित राजस्थान 2047' विजन दस्तावेज को वास्तविकता में बदलने की कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए तीन मार्गदर्शक कर्तव्यों-तेज और स्थायी आर्थिक विकास, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं का निर्माण से प्रेरित है।

आज का पंचांग

कोलकाता : 12 फरवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष दशमी, 12:20 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 13:33 तक, योग : हरषाना, 27:00 तक, सूर्योदय: 06:11, सूर्यास्त: 17:31, चन्द्रोदय : 02:08, चन्द्रास्त: 12:46, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 13:15 14:39

राशिफल

मेष : मेष राशि के जातकों को जीवन साथी का सहयोग प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-नीच राशि की संगति में है। ऐसे में आपको कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला सीखनी पड़ेगी।

वृष : आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिलेगा। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

मिथुन : आज किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता का समाचार मिलेगा। सायंकाल में कोई रुका हुआ कार्य पूरा होगा।

कर्क : कर्क राशि के जातकों के आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होने का समय है। यात्रा आपके लिए सुखद व लाभदायक रहेगी।

सिंह : सिंह राशि के जातकों के लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। शत्रुओं पर आपको विजय प्राप्त होगी।

कन्या : गुरुवार का दिन कन्या राशि के जातकों के लिए भाग्य वृद्धि कराने वाला रहेगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में सफलता मिलेगी। शुभ खर्चा व कीर्ति की वृद्धि होगी।

तुला : तुला राशि वालों के लिए दिन चारों ओर से सुखद रहने वाला है। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल होगा।

वृश्चिक : आपकी राशि पर पंचम शनि एवं द्वितीय भाव चन्द्र योग अभी सात दिन और चलेगा। इसके फलस्वरूप कुछ आन्तरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त, जड़ जमा रहे हैं।

धनु : आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

मकर : आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल रहेंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा।

कुम्भ : आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि मार्गी उदय चल रहा है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मीन : आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है।

वर्ग पहेली नं. 3349



बायें से दायें:- 2) इच्छा, 4) कीचड़, 7) हिजड़ा, 9) तल्लीन, 10) चौकीदार, 12) जल्दी-जल्दी, 14) धोखे की बात; रीति-रिवाज, 15) आगामी दिन, 17) चुनौती, 20) अनैतिक, 21) परंपरानिष्ठ, 23) चमकीला, 25) जान, 26) समयसारणी, 29) धनुर्धारी, 30) पुत्री.

ऊपर से नीचे:- 1) बेरहम; निर्दय, 2) उल्लू; इंद्र; पारसी धर्माधिकारी, 3) सीढ़ी, 4) करुणाजनक, 5) अत्याचार; रौंदाई, 6) शादी, 8) घमंड, 11) असहाय; विवश, 13) द्विदल धान्य, 16) आजीवन, 18) बागडोर, 19) ठिंगना, 21) रसीला, 22) मग्न, 23) फुलका, 24) कपड़े पर बेल-बूटे बनाने का काम 25) पुराना, 27) रोग, 28) धागा.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

म	न्न	त			के	व	ल	छे
श		बा	ज़ी	ग	र		था	रा	ना
वि	र	ह		ह	ल		प		
रा	स		घ	ना		प	थ	री	ला
	म	लि	न		द	क्ष		झ	
चा	य		च	टो	रा		गु	ना	ह
प			क्ष		र	ख	ना		ड़
लू		क	र	नी		ल		दा	ता
स	च्चा	ई		च	ह	ल	प	ह	ल

सुडोकू-पहेली-3307

		9			6			
	3							
2	1	5					7	8
		3				1	2	
			2				9	
				4	7		3	
8	7			1			4	9
		4						
			3					5

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3306 का उत्तर

6	1	4	5	7	9	3	2	8
2	9	3	8	6	4	5	1	7
5	7	8	2	1	3	6	9	4
8	6	1	4	3	7	2	5	9
4	3	5	9	8	2	7	6	1
7	2	9	6	5	1	8	4	3
1	8	2	7	9	5	4	3	6
3	5	7	1	4	6	9	8	2
9	4	6	3	2	8	1	7	5

भूपेंद्र यादव ने राज्य में 'खराब शासन और भ्रष्टाचार' को लेकर टीएमसी सरकार की कड़ी आलोचना

कोलकाता, समाज्ञा : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार की कथित खराब शासन व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर आलोचना की और विधानसभा में हाल ही में पेश किए गए उसके 'वोट-ऑन-अकाउंट विधेयक' को 'विदाई दस्तावेज' करार दिया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर मनरेगा योजना में अनियमितताओं, पीएम आवास योजना के धनकोष के उपयोग प्रमाण पत्र जमा न करने और पीएम पोषण योजना में भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। इस दिन, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति में साल्टलेक के एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा अनिवार्य दिशा बैठकें आयोजित नहीं की गईं और पीएम-किसान जैसी योजनाएं राज्य में पूरी तरह से लागू नहीं की गईं। दिशा का उद्देश्य जिलों के कुशल, समावेशी और समयबद्ध विकास के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। पिछले सप्ताह राज्य विधानसभा में पेश किए गए लेखा-पत्र में आवंटन का हवाला देते हुए, यादव ने दावा किया कि विज्ञान की शिक्षा के लिए धनराशि कम है, जबकि मदरसों को केवल 5,713.61 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि लगभग तीन करोड़ की आबादी वाले उत्तर बंगाल को केवल 910 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य कम पूंजीगत व्यय के साथ अपना काम कर रहा है और आय में वृद्धि किए बिना लगातार कर्ज ले रहा है। यह न केवल टीएमसी का आखिरी बजट है, बल्कि उसका विदाई दस्तावेज भी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में वस्त्र और उद्योगों में अपार संभावनाएं होने के बावजूद, राज्य सरकार एक स्पष्ट विकास योजना प्रस्तुत करने में विफल रही है। यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के लिए 11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं लेकिन राज्य सरकार केंद्रीय योजनाओं को ठीक से लागू करने में विफल रही है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि हाल ही में, पेश किए गए केंद्रीय बजट में समावेशी विकास का खाका प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की जीडीपी बढ़कर लगभग 4.18-4.19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो जापान से अधिक है, और देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

डीए भुगतान पर राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश मानने होंगे : शुभेंदु अधिकारी

महंगाई भत्ता (डीए) को लेकर जारी विवाद पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। शुभेंदु अधिकारी ने साफ कहा कि डीए से जुड़ा मामला अब किसी भी तरह से न्यायाधीन नहीं है और सुप्रीम कोर्ट इसे पहले ही 'क्लोज्ड चैप्टर' घोषित कर चुका है। इस दिन, सॉल्टलेक में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने हालिया संवाददाता सम्मेलन में यह दावा किया था कि डीए का मामला अभी अदालत में विचाराधीन है। इस पर, प्रतिक्रिया देते हुए शुभेंदु ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि यह मामला अब न्यायाधीन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह मामला पूरी तरह निपटा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। साथ ही, यह भी तय कर दिया गया है कि बकाया डीए का भुगतान किस तरह एरियर के माध्यम से किया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बार-बार न्यायिक व्यवस्था का अपमान कर रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मार्च महीने के भीतर बकाया डीए की 25 प्रतिशत राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो कानूनी विकल्प अपनाने की पूरी गुंजाइश है। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना ही होगा।

हाई कोर्ट ने राज्य से जेलों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कैदियों की स्थिति पर मांगी रिपोर्ट

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता उच्च न्यायालय ने राज्य से जेलों की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति देवांशु बसक और न्यायमूर्ति मोहम्मद सब्बार रशीद की डिवीजन बेंच ने राज्य को यह रिपोर्ट 9 मार्च 2026 तक जमा करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि रिपोर्ट में जेलों में कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है या नहीं, खाली पदों पर नियुक्ति हुई है या नहीं, 1 जनवरी 2022 से जनवरी 2026 तक कितने कैदियों की मृत्यु हुई, और मृत्यु होने पर उन्हें या उनके परिवार को मुआवजा दिया गया या नहीं, जैसी जानकारियां शामिल हों। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी बताना आवश्यक है कि जेलों की क्षमता के मुकाबले कितने कैदी अधिक हैं, राज्य में कुल कितने जेल हैं, नए जेल बनाने पर अनुमानित खर्च और उसमें कितने कैदी रखे जा सकते हैं। रिपोर्ट में कैदियों के स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी इंतजामों का विवरण भी शामिल होना चाहिए, जैसे कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए चिकित्सा सुविधा, और यदि कोई बच्चा माता-पिता के साथ जेल में है तो उसकी शिक्षा की व्यवस्था।

पूर्व रेलवे

निविदा का निरस्तीकरण

ई-निविदा संख्या 262_2025-26, अनुमानित मूल्यः रु.32,40,18,905.10, बयाना राशिः रु. 17,70,100/-, नियत तिथि/समयः दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे, जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी, को एतद्द्वारा तकनीकी कारण से "निरस्त" किया जाता है।

HWH-610/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कुछ ट्रेनों का परीक्षण के तौर पर ठहराव

नीचे उल्लेखित ट्रेनें उसके समक्ष उल्लेखित स्टेशनों में परीक्षण के तौर पर निम्नानुसार ठहरेंगी:-

ट्रेन सं. एवं नाम	स्टेशन	समय-सूची आगमन	समय-सूची प्रस्थान	ठहराव प्रभावी होने की तिथि
13417 दीघा-मालदा टाउन एक्सप्रेस [दि. 12.02.2026 (जेसीओ) से प्रभावी]	पांसकुड़ा	09.36	09.38	13.02.2026
	उखड़ा	09.26	09.28	
13418 मालदा टाउन-दीघा एक्सप्रेस [दि. 12.02.2026 (जेसीओ) से प्रभावी]	पांसकुड़ा	11.33	11.35	12.02.2026
	उखड़ा	11.46	11.48	
63510 झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर [दि. 12.02.2026 (जेसीओ) से प्रभावी]	ईशानचंडी हॉल्ट	18.22	18.23	12.02.2026
63550 अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर [दि. 12.02.2026 (जेसीओ) से प्रभावी]	ईशानचंडी हॉल्ट	19.22	19.23	12.02.2026
63549 बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर [दि. 12.02.2026 (जेसीओ) से प्रभावी]	ईशानचंडी हॉल्ट	12.58	12.59	12.02.2026

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में यूएपीए पर उच्च न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करे एनआईए : शीर्ष अदालत

राज्य सरकार की एनआईए जांच के खिलाफ अपील पर सुनवाई

नयी दिल्ली/कोलकाता : उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को निर्देश दिया कि वह मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा और अशांति से संबंधित एक मामले में आतंकवाद से जुड़े कठोर प्रावधानों वाले गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल का औचित्य स्पष्ट करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करे। राज्य सरकार की अपील का निस्तारण करते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार को मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में एनआईए की जांच के खिलाफ अपनी शिकायतों के साथ कलकत्ता उच्च न्यायालय में जाने के लिए भी कहा। शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय इस मामले में एनआईए जांच का आदेश देने के केंद्र के फैसले को राज्य सरकार द्वारा दी गई चुनौती की भी पड़ताल कर सकता है। सुनवाई के दौरान, पीठ ने एनआईए से पूछा कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच को उचित ठहराने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के प्रावधानों को लागू करने का आधार क्या था। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 28 जनवरी को एनआईए को इस मामले की जांच सौंपी गई थी। एनआईए ने मामले में यूएपीए की धारा 15 (1) (ए) लागू की। पीठ ने एनआईए को इस संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इसने यह भी कहा कि एनआईए ने यह निष्कर्ष निकाला कि इस मामले में यूएपीए के प्रावधान लागू होते हैं, जबकि राज्य पुलिस ने एनआईए को केस डायरी या संबंधित दस्तावेज नहीं सौंपे हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि दस्तावेजों को देखे बिना ही आपने कहा है कि यूएपीए की धारा 15 उचित है। केस डायरी आपके सामने पेश नहीं की गई, यह एक पूर्व-निर्णय है। हर भावनात्मक आवेश को आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा नहीं माना जा सकता।

कुलतली अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तारी में देरी पर हाई कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना के कुलतली थाना क्षेत्र में 2023 में दर्ज एक अपहरण मामले की जांच में धीमी प्रगति और आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर कोलकाता हाई कोर्ट ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। न्यायाधीश देवांशु बसक की डिविजन बेंच ने कहा कि इतने समय बाद भी आरोपी को गिरफ्तार न किए जाने से मामला गंभीर चिंता का विषय बन गया है। न्यायाधीश बसक ने सवाल उठाया, भले ही यह दीवानी विवाद हो, क्या इसे अपहरण जैसी गंभीर फौजदारी शिकायत में गिरफ्तारी से रोका जा सकता है? 2023 से जांच में कोई गति नहीं दिखाई दी। आरोपी जमानत पर नहीं है, फिर भी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई और पूछताछ क्यों नहीं की गई? राज्य के वकील ने अदालत को बताया कि अपहृत व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसके तथा आरोपी के बीच दीवानी विवाद लंबे समय से चला आ रहा था। हालांकि, अदालत ने कहा कि अपहृत का मोबाइल और बैंक अकाउंट जांचा नहीं गया। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि केवल जांच की लापरवाही नहीं है, बल्कि मामले में और कारण भी हो सकते हैं। 2023 से जांच चल रही है, लेकिन अब तक कोई चार्जशीट दाखिल नहीं हुई और अपहृत का पता नहीं चला। अपहृत के भाई दीपक कयाल के वकील तरुणज्योति तिवारी ने बताया कि परिवार को अपहृत की मानसिक स्थिति की जानकारी नहीं थी, जबकि उसके बैंक अकाउंट की जानकारी मौजूद है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने कुलतली थाने के इंस्पेक्टर को सख्त चेतावनी दी और जांच में अगले कदमों की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को तय की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.: सीनियर डी.ई.ई.(आर.एस.& जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./25-26-41, दिनांक 05.02.2026

कार्य का नामः- 1. कार्य का विद्युत भाग "रनिंग रूम का 5 डबल बेड वाले कमरों से विस्तार और मौजूदा रसोई और बेडरूम का उन्नयन"।
2. बिलासपुर डिवीजनः ADEN/SDL के क्षेत्राधिकार में अनुपपुर (APR) पर क्षतिग्रस्त स्टील ओवरहेड टैंक के स्थान पर 2.25 लाख लीटर क्षमता वाला RCC ओवरहेड टैंक स्थापित करने की व्यवस्था।
निविदा मूल्य- रू. 46,04,653/-, **अमानत राशि-** रू. 92,100/-, **निविदा बंद होने की तिथि व समय-** दिनांक 06/03/2026, 15:00 Hrs. बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

व.मं. विद्युत इंजी.(आर.एस. एवं सा.)
सीपीआर/10/675 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी/खड़गपुर-721301, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को दोपहर 12.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बोली सुरक्षा/ई.एम.डी.: (1) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-54, दिनांक 09.02.2026;** साऊथ सेटेलमेंट खड़गपुर के अधीन एसएसईई/एसई/खड़गपुर के अंतर्गत बढ़ी हुई लोड मांग का सामना करने के लिए एलटी विद्युत आपूर्ति प्रणाली के सुधार एवं एचटी रिंग मेन प्रणाली तैयार करने के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 3,75,17,484.55; रु. 3,37,600। **(2) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-55, दिनांक 09.02.2026;** (i) पांशकुड़ा में एडीएसटीई/पांशकुड़ा कार्यालय के निर्माण तथा (ii) पांशकुड़ा में एडीएसटीई/पांशकुड़ा के नए टाइप-IV क्वार्टर के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 29,28,983.50; रु. 58,600। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** दोनों के लिए शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से क्रमांक 1 के लिए 12 महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 6 महीने। **जमा की तारीखः** दोनों के लिए 04.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीखः** दोनों के लिए 04.03.2026। निविदा के परिपूर्ण विवरण, ब्यौरा, विनिर्देश हेतु इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी स्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **टिप्पणीः** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।(PR-1171)

सियालदह मंडल के तहत स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट

'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 113 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:-** (1) **परियोजना की अवधि:** ● संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाटा मारू बजबज, अगरपाड़ा, दक्षिण दुर्गापुर -30 दिन दिनांक 02.03.2026 से शुरू। ● सुभाषग्राम-30 दिन दिनांक 04.03.2026 से शुरू। ● शासन रोड -30 दिन दिनांक 05.03.2026 से शुरू। ● नेतड़ा, चाम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया, मथुरापुर रोड, हासनाबाद-30 दिन दिनांक 06.03.2026 से शुरू। ● दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक 07.03.2026 से शुरू। ● मालतीपुर, भासिला, बनगांव जंक्शन, ह्रदयपुर-30 दिन दिनांक 08.03.2026 से शुरू। ● बहारु, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप, पलता, दक्षिण बारासात-30 दिन दिनांक 09.03.2026 से शुरू। ● कल्याणपुर, होटोर- 30 दिन दिनांक 10.03.2026 से शुरू। ● चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत - 30 दिन दिनांक 11.03.2026 से शुरू। ● माझेरग्राम, बाली घाट, कासिमबाजार, लालगोला-30 दिन दिनांक 13.03.2026 से शुरू। ● ईडेन गार्डेन, गंगनापुर, बागबाजार, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जंक्शन, हबीबपुर - 30 दिन दिनांक 14.03.2026 से शुरू। ● प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली-30 दिन दिनांक 15.03.2026 से शुरू। ● भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुयाडहरी, देबग्राम, रेजिनगर, पलासी, माझदिया, बगुला, कांकिनाड़ा. पायराडांगा, नुंगी-30 दिन दिनांक 16.03.2026 से शुरू। ● बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा, सूर्ज्यपुर, चाँदपाड़ा - 30 दिन दिनांक 17.03.2026 से शुरू। ● शांतिपुर, गुमा, बामनगाछी- 30 दिन दिनांक 18.03.2026 से शुरू। ● बादकुल्ला, कालिकापुर-30 दिन दिनांक 19.03.2026 से शुरू। ● गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया, बीरा, हाबरा, हालिशहर-30 दिन दिनांक 21.03.2026 से शुरू। ● जियागंज, आंड़घाटा-30 दिन दिनांक 23.03.2026 से शुरू। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरमपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, मध्यमग्राम, नामखाना, बैरकपुर - 30 दिन दिनांक 24.03.2026 से शुरू। ● गोपालनगर, बिनय बादल दिनश बाग, टाकि रोड, तालदी- 30 दिन दिनांक 27.03.2026 से शुरू। ● टाला, बड़ानगर रोड, बीरनगर, जयनगर मजिलपुर- 30 दिन दिनांक 28.03.2026 से शुरू। ● ताहेरपुर, सियालदह, बालीगंज जंक्शन- 30 दिन दिनांक 29.03.2026 से शुरू। ● धुबुलिया, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, काशीनगर हाल्ट, इच्छापुर- 30 दिन दिनांक 31.03.2026 से शुरू। (2) **टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। (3) **आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। (4) **आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.02.2026 को 15.00 बजे के अंदर। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.02.2026 **को 16.00 बजे** ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे

पूर्व कोलकाता पुलिस कमिश्नर के बेटे के साथ साइबर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : भुवनेश्वर में एक कॉलेज के विद्यार्थी को निदेशक (सुरक्षा) और कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा के बेटे से 'ऑनलाइन पेइंग गेस्ट (पीजी)' आवास उपलब्ध कराने की आड़ में धोखाधड़ी करके 30,000 रुपये ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि इस विद्यार्थी से और पूछताछ करने के लिए उसे ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से कोलकाता लाया गया। अधिकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता पीयूष वर्मा दिल्ली में पीजी आवास की ऑनलाइन खोज कर रहे थे तभी उन्हें एक ऐसी वेबसाइट मिली जिसमें किराये के कई विकल्प उपलब्ध थे। अधिकारी ने कहा कि एक संपत्ति/मकान चुनने के बाद, वर्मा ने वेबसाइट के अधिकारियों से संपर्क किया जिसके बाद कथित तौर पर बुकिंग की पुष्टि के लिए उनसे 30,000 रुपये अग्रिम ऑनलाइन भुगतान करने को कहा गया। उन्होंने वेबसाइट पर दिए गए बैंक खाते में राशि डाल दी। अधिकारी का कहना है कि काफी समय तक इंतजार करने के बावजूद वर्मा को बुकिंग की कोई पुष्टि नहीं मिली जिसके बाद उन्होंने वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन ये प्रयास भी विफल रहे। उन्होंने बताया कि तब वर्मा को अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ और उन्होंने कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार स्थित साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा कि लेनदेन से जुड़े बैंक खाते के विवरण का विश्लेषण करने पर हमने पाया कि आरोपी भुवनेश्वर में है और फिर उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है ताकि उसकी भूमिका का पता लगाया जा सके और यह भी पता लगाया जा सके कि क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि इस कथित धोखाधड़ी का दायरा कितना व्यापक है।

बंगाल की राजनीति में भ्रष्टाचार और हिंसा 'कैंसर' की तरह फैल रहे : राज्यपाल

कोलकाता, समाज्ञा : राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और हिंसा यहां की राजनीति में कैंसर की तरह फैल रहे हैं। बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की राजनीति में दो गंभीर समस्याएं अभूतपूर्व रूप से बढ़ी हैं- पहली हिंसा और दूसरी बेलगाम भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा कि हिंसा और भ्रष्टाचार से मुक्त बंगाल के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और इस दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। राज्यपाल ने केंद्र सरकार द्वारा 'वंदे मातरम्' के आधिकारिक प्रस्तुतीकरण को लेकर जारी नए दिशा-निर्देशों का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल राष्ट्रीय गीत ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा का प्रतीक है। उनके अनुसार, यह गीत देश के लोगों को बिना भय अपनी बात रखने की आजादी का संदेश देता है। हालांकि, उन्होंने बेलडांगा हिंसा मामले में एनआईए जांच को लेकर बंगाल सरकार की याचिका खारिज किए जाने पर टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह पूर्णतः न्यायिक विषय है और इस पर वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे। साथ ही, उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक कदम बताते हुए चुनाव आयोग की पहल का समर्थन किया।

पूर्व रेलवे

संक्षिप्त ई-निविदा सं. 02-डीसीई-सीओएन-आरओबी-एसडीएएच-25-26, दिनांक: 09.02.2026, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/आरओबी/पूर्व रेलवे/सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग (दूसरी मंजिल), सियालदह, कोलकाता-700014 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** उप सीई/कॉन/आरओबी/पूर्व रेलवे/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सियालदह मंडल की बालीगंज जंक्शन-बजबज शाखा में किमी. 21/24-26 और किमी. 21/23-25 पर आकड़ा-नंगी स्टेशनों के बीच 1X43 मीटर (स्टील कम्पोजिट गर्डर) के साथ 02 (दो) लेन रोड ओवरब्रिज नं. बी-29ए (बीएटीए रोड ओवरब्रिज) का पुनर्निर्माण। **अनुमानित मूल्य:** रु.17.93 करोड़ (लगभग), **बयाना राशि:** रु. 10,45,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि :** 18 (अठारह) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 05.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

CON-67/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में गवाहों से दोबारा जिरह करने की दी अनुमति

7 गवाहों से फिर होगी पूछताछ

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाबालिगों के यौन शोषण के मामलों में पीड़ितों या गवाहों को दोबारा न बुलाने के स्थापित नियम का अपवाद पेश करते हुए पॉक्सो मामले में गवाहों से दोबारा जिरह करने की अनुमति दी है और कहा है कि प्रत्येक मामले में निर्णय उसके गुण-दोष के आधार पर किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सात प्रमुख गवाहों से दोबारा जिरह करने की याचिका अस्वीकार कर दी गयी थी, हालांकि उन्होंने न्यायाधीश की इस टिप्पणी से सहमति जताई कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) मामलों में जोखिम की आंशका वाले गवाहों को आरोपी के अनुरोध पर तुच्छ आधार पर बार-बार नहीं बुलाया जाना चाहिए। उत्तर और मध्य अंडमान की निचली अदालत के न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता के अनुरोध को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उच्चतम न्यायालय ने माना है कि पॉक्सो मामलों में पीड़ित/गवाहों को दोबारा बुलाने से तब तक बचा जाना चाहिए जब तक कि यह बिल्कुल आवश्यक न हो। कलकत्ता उच्च न्यायालय की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ द्वारा पांच फरवरी को दिए गए फैसले में, न्यायमूर्ति राय ने कहा कि विशेष पॉक्सो अदालत के न्यायाधीश की टिप्पणी 'बिल्कुल सही थी और इस मामले में कोई दो राय नहीं हो सक', लेकिन प्रत्येक मामले का मूल्यांकन उसके गुण-दोष के आधार पर किया जाना चाहिए।

विशेष पॉक्सो अदालत के एक न्यायाधीश द्वारा अपीलकर्ता को 2022 में एक लड़की के बलात्कार के लिए दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ की एक खंडपीठ ने 2024 में उसकी दोषसिद्धि और 10 साल के कठोर कारावास की सजा को रद्द कर दिया और अपीलकर्ता से दोबारा जिरह का आदेश दिया। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के समक्ष यह दलील दी कि संबंधित मामले का इतिहास विवादों से भरा रहा है। अपीलकर्ता ने बताया कि 31 अगस्त, 2022 को निचली अदालत के न्यायाधीश ने उसे दोषी ठहराया था, लेकिन नौ अप्रैल, 2024 को उच्च न्यायालय ने इस फैसले को रद्द कर दिया और निचली अदालत के न्यायाधीश को आरोपी से पूछताछ करने और नए सिरे से फैसला लिखने का निर्देश दिया गया। इन निर्देशों के मद्देनजर, निचली अदालत के न्यायाधीश ने आरोपी से जिरह पूरी कर ली, लेकिन इसके बाद आरोपी ने कई गवाहों से दोबारा जिरह करने के लिए आवेदन दायर किया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था।

Name Change

I Habibur Rahaman S/o Nooruddin Sarkar R/o Nagar, PO:Nagar, DIST: Murshidabad, West Bengal - 742157, have changed my name to AK Habibur Rahaman

OFFICE OF THE EXECUTIVE OFFICER
KHEJURI-I PANCHAYAT SAMITY
Kamarda Bazar :: Purba Medinipur, 721432

E-TENDER NOTICE

E-Tender No-WB/BDO/KH-I/155/2025-26&Memo No. 508/Tender/KH-I /2026, Dated:10.02.0226 for 1 nos scheme under Khejuri-I Dev. Block. Document download/sell end date (Online) for Bid submission up to 24.02.2026 for details information please contact with Khejuri-I Dev. office notice board/Engineering Section and go through e-Tender site www.wbtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Khejuri-I Panchayat Samity

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

किसानों को 15 फरवरी तक कृषकबंधु का पैसा मिलना चाहिए, बैठक में कृषि मंत्री ने दिया सख्त निर्देश

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। उससे पहले कृषकबंधु परियोजना के लिए आवंटित पैसा किसानों तक पहुंचाना जरूरी है। बुधवार को यह संदेश कृषि मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कृषि विभाग के अलग-अलग परियोजनओं के शेष काम जल्दी पूरे किए जाएं। मंत्री ने निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर देखें कि कृषकबंधु परियोजना, फसल बीमा और खेती की मशीनरी जैसे परियोजनओं में किसी को कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। दरअसल, इस दिन, कृषि मंत्री शोभनदेव चटर्जी राज्य सचिवालय नवान्न में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में मौजूद थे। बैठक में कृषि और कृषि मार्केटिंग विभाग के प्रधान सचिव ओंकार सिंह मीणा भी मौजूद थे। जबकि, जिले के कृषि अधिकारियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया। उस बैठक में मंत्री ने कहा कि कितना काम बाकी है, यह जांच करने के बाद हर जिले पर उसी हिसाब से खास ध्यान दिया जाए। सूत्रों के मुताबिक, कृषि

मंत्री ने खरीफ सीजन में किसानों को कृषकबंधु परियोजना के लिए आवंटित पैसा देने के लिए 15 फरवरी तक की डेडलाइन दी है। अगर किसी वजह से किसानों को यह पैसा मिलने में कोई दिक्कत आती है, तो कृषि अधिकारी उनके घर जाकर उसे ठीक करेंगे। बता दें कि यह पैसा देने का काम 28 जनवरी से राज्य के हर जिले में शुरू हो गया है। बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों से जानना चाहा कि किस जिले में काम कितना आगे बढ़ा है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बारे में मुख्यमंत्री के ग्रीवांस सेल में मिली सभी शिकायतों की जांच की जाए और शिकायत करने वाले किसानों के घर जाकर समस्या का जल्द समाधान किया जाए। अगर आधार, केवाईसी जैसी कोई दिक्कत है, तो यह देखा जाए कि उसे कैसे ठीक किया जा सकता है। खबर यह भी है कि बैठक में खेती-बाड़ी करने वाले मजदूरों को कृषकबंधु देने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। शोभनदेव ने ज़िला कृषि अधिकारियों को खरीफ सीजन से पहले जमीन में 'माइक्रोन्यूट्रिएंट्स' में ज़िंक की मात्रा बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाने के भी निर्देश दिए ताकि चावल की पैदावार बेहतर हो सके। मंत्री ने ज़िला अधिकारियों से इस बारे में एग्रीकल्चर साइंटिस्ट से सलाह लेने को भी कहा।

मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद का निर्माण शुरू

विरोध कर रहे लोग पीछे हट जाएं, लोग अपना धर्म मानने के लिए आजाद : हुमायूं कबीर

जेयूपी प्रमुख आज पलाशी से बेलडांगा तक 22 किलोमीटर की करेंगे पदयात्रा

मुर्शिदाबाद : तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बुधवार को मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बहुचर्चित मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू किया। बताया गया है कि बेलडांगा के रेजिनगर में इस मस्जिद का निर्माण दो साल के भीतर पूरा हो जाएगा और इसकी लागत लगभग 50-55 करोड़ रुपये आयेगी। यह मस्जिद 11 एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है और इसमें लगभग 12,000 लोगों के नमाज अदा करने की क्षमता होगी। इस दिन, धार्मिक नेताओं एवं सैकड़ों स्थानीय लोगों के उत्साह के बीच, निर्माण श्रमिकों ने दिन में इमारत के लिए ईंटे रखने का समारोह शुरू किया। कबीर ने कहा कि कई पक्षों के विरोध के बावजूद मस्जिद का निर्माण कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। उन्होंने कहा कि विरोध करने वालों से मैं कहना चाहूंगा कि वे हट जाएं। लोगों को अपने-अपने धर्मों का पालन करने तथा मंदिर, गिर्जाघर या जो चाहें बनाने की पूरी आजादी है। मैं इस्लाम के नाम पर किसी का विरोध नहीं करूंगा। मेरा प्रयास अल्लाह को प्रसन्न करना और अपनी धार्मिक आस्था को निभाना है, किसी पर कुछ थोपना नहीं। उन्होंने कहा कि इस मस्जिद के निर्माण को रोकने वाली धरती पर कोई ताकत नहीं है। अल्लाह की कृपा से हम दो साल के भीतर इसका निर्माण पूरा कर लेंगे। इसे बनाने में 50-55 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। हालांकि, कबीर ने घोषणा की कि बोर्ड परीक्षाएं होने के चलते वह फिलहाल अपनी 'बाबरी यात्रा' - नदिया के पलाशी से उत्तर दिनाजपुर जिले के इटाहार तक 235 किलोमीटर की रैली - को स्थगित रखेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, वह आज पलाशी से बेलडांगा तक 22 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। कबीर ने यह भी घोषणा की कि उनकी पार्टी राज्य के 294 निर्वाचन क्षेत्रों में से 135 पर प्रत्याशी खड़ा कर आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों को टक्कर देगी।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना से भारत के भविष्य के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को मिल रही मजबूत नींव

मुंबई/कोलकाता : मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना से प्राप्त अनुभव को भारत के भविष्य के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास की मजबूत नींव माना जा रहा है। 508 किलोमीटर लंबी यह हाई स्पीड रेल परियोजना जापान की तकनीकी और वित्तीय सहायता से निर्माणाधीन है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना से ट्रैक, सिग्नलिंग, रोलिंग स्टॉक और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में देश की तकनीकी क्षमता सुदृढ़ हो रही है। परियोजना के तहत स्वदेशीकरण और नवाचार पर विशेष बल दिया गया है। भारी निर्माण मशीनरी, स्लैब ट्रैक सामग्री और विशेष ट्रैक मशीनें अब भारत में तैयार की जा रही हैं। आईआईटी के सहयोग से उन्नत डिजाइन और सिमुलेशन टूल विकसित किए गए हैं, जबकि लगभग 1000 भारतीय इंजीनियरों और कर्मचारियों को जापानी तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया है। अब तक परियोजना के लिए पूरी भूमि का अधिग्रहण और सभी आवश्यक मंजूरियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। गुजरात में अधिकांश सिविल कार्य तेजी से प्रगति पर हैं, वहीं महाराष्ट्र में भी निर्माण जारी है। 17 नदी पुल बन चुके हैं और समुद्री सुरंग का 4.8 किमी हिस्सा पूरा हो चुका है। इस परियोजना पर अब तक 86,939 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं।

पूर्व बर्दवान में माध्यमिक परीक्षा केंद्र पर हड़कंप, परीक्षार्थी के बैग से मिला 'बंदूक' जैसा सामान

पूर्व बर्दवान, समाज्ञा : माध्यमिक के जीवन विज्ञान की परीक्षा के दौरान बुधवार को पूर्व बर्दवान जिले में एक परीक्षा केंद्र पर एक परीक्षार्थी कथित तौर पर बंदूक लेकर पहुंच गया, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, बाद में, जांच में पता चला कि वह असली बंदूक नहीं, बल्कि बंदूक के आकार का एक गैस लाइटर था। जानकारी के अनुसार, बर्दवान उदयपल्ली शिक्षा निकेतन में रामकृष्ण स्कूल का सीट पड़ा है। रामकृष्ण स्कूल का यह छात्र अन्य दिनों की तरह ही परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचा था। निर्धारित समय पर जब परीक्षार्थियों के बैग की जांच की जा रही थी, तभी शिक्षकों की नजर छात्र के बैग में रखे एक बंदूकनुमा वस्तु पर पड़ी। एडमिट कार्ड और परीक्षा सामग्री के साथ बैग में ऐसी वस्तु देखकर शिक्षक हैरान रह गए और पूरे परीक्षा केंद्र में दहशत फैल गई। घटना की खबर फैलते ही परीक्षा देने आए अन्य छात्र और शिक्षक भी भयभीत हो गए। तत्काल छात्र को रोका गया और बर्दवान थाने को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और उस वस्तु को जब्त किया। जिस वस्तु को असली बंदूक समझा जा रहा था, वह दरअसल बंदूक जैसी दिखने वाली एक गैस लाइटर निकली। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो दोस्तों के साथ रास्ते में बंदूकनुमा लाइटर को उंगलियों के बीच घुमाते हुए स्कूल आया था। इस हरकत के पीछे उसका मकसद क्या था, यह स्पष्ट नहीं है। सवाल उठ रहे हैं कि यह महज मजाक था या इसके पीछे कोई और कारण। इतनी बड़ी घटना के बावजूद छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई। निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू हुई और अन्य सभी परीक्षार्थियों ने सुरक्षित रूप से परीक्षा दी। छात्र के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले को लेकर आवश्यक जांच कर रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरुकता अभियान के लिए 'पैडवुमन' प्रीति मिंज सम्मानित

जलपाईगुड़ी : राज्य सरकार ने मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरुकता फैलाने में एक दशक से अधिक के योगदान को मान्यता देते हुए 'पैडवुमन' के नाम से लोकप्रिय प्रीति मिंज को सम्मानित किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, प्रीति मिंज को यह सम्मान दुआर्स क्षेत्र के दूरस्थ चाय बागान क्षेत्रों में किशोरियों और युवतियों के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए दिया गया है। राज्य सरकार के मंत्री बुलू चिक बराइक ने मंगलवार को जलपाईगुड़ी जिले के ओडलाबारी स्थित मिंज के आवास पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से उन्हें एक प्रमाण पत्र सौंपा। बता दें कि पिछले 10 वर्षों से, मिंज चाय बागान क्षेत्रों में मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं, अज्ञानता और सामाजिक बाधाओं को तोड़ने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। वह घर-घर जाकर लड़कियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में परामर्श दे रही हैं, सुरक्षित प्रथाओं के महत्व पर जोर देने के अलावा सैनिटरी नैपकिन के इस्तेमाल को भी प्रोत्साहित कर रही हैं। मिंज को इससे पहले भी कई स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक समूहों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

आसनसोल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कई ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव घोषित

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक आधार पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 12 फरवरी यानी आज से लागू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 13417 दीघा-मालदह टाउन एक्सप्रेस तथा 13418 मालदह टाउन-दीघा एक्सप्रेस को दो स्टेशनों पर नया ठहराव दिया गया है। ये ट्रेनें पांडवेश्वर स्टेशन पर सुबह 09:36 बजे और 11:33 बजे पहुंचेंगी तथा दोनों का ठहराव समय 2 मिनट होगा। इसी प्रकार, यही दोनों ट्रेनें उखरा स्टेशन पर 09:26 बजे और 11:46 बजे पहुंचेंगी, जहां भी 2 मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, कुछ मेमू पैसेंजर ट्रेनों को ईशानचंडी हॉल्ट पर ठहराव दिया गया है। ट्रेन संख्या 63510 झाझा-वर्दवान मेमू पैसेंजर शाम 18:22 बजे पहुंचेगी और 18:23 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 63550 अंडाल-वर्दवान मेमू पैसेंजर 19:22 बजे पहुंचेगी और 19:23 बजे रवाना होगी। वहीं, ट्रेन संख्या 63549 वर्दवान-आसनसोल मेमू पैसेंजर दोपहर 12:58 बजे पहुंचेगी और 12:59 बजे प्रस्थान करेगी।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत कई प्रमुख ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 15709/15710 मालदह टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी-मालदह टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस को 14 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली यात्राओं के लिए श्रीपुर और मलाहार स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा। इसी प्रकार, 14 फरवरी 2026 से 13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस तथा 13 फरवरी से 13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस को हरिश्चंद्रपुर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। 13 फरवरी से 13159 कोलकाता-जोगबनी एक्सप्रेस और 14 फरवरी से 13160 जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस अब भालुका रोड स्टेशन पर भी रुकेगी। इसके अलावा, 11 फरवरी से 12552 कामाख्या-एसएमवीटी बेंगलुरु एसी एक्सप्रेस तथा 14 फरवरी से 12551 एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस को फालकाटा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है।

पश्चिम बंगाल में रेलवे विकास : केंद्र की रिकॉर्ड पहल, राज्य सहयोग की कमी से बाधित

कोलकाता, समाज्ञा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने देशभर में व्यापक विस्तार और आधुनिकीकरण के जरिए नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में रेलवे परियोजनाओं के लिए रिकॉर्ड बजट और स्पष्ट नीतिगत दिशा प्रदान की है। वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2009-14 में राज्य में रेलवे अवसंरचना के लिए औसत वार्षिक आवंटन 4,380 करोड़ था, जबकि 2026-27 के लिए यह 14,205 करोड़ कर दिया गया है, जो तीन गुना से अधिक है। इस बढ़ोतरी का उद्देश्य स्टेशनों का आधुनिकीकरण, कनेक्टिविटी में सुधार और बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान करना है। अमृत

स्टेशन योजना के तहत राज्य के 101 स्टेशनों के पुनर्विकास का 3,600 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। अब तक हल्दिया, पानागढ़ और सिउड़ी समेत 9 स्टेशनों पर कार्य पूरा हो चुका है। इन परियोजनाओं से यात्रियों को विश्वस्तरीय अवसंरचना, बेहतर पहुंच और सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण प्रभावित हैं। चल रही परियोजनाओं के लिए कुल 4,662 हेक्टेयर भूमि में से केवल 27% भूमि ही अधिग्रहित हो सकी है। इससे कालियागंज-बुनियादपुर नई रेल लाइन और नवद्वीप घाट-नवद्वीप धाम नई लाइन जैसी परियोजनाओं की समयसीमा प्रभावित हुई है। रेल मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया कि रेलवे परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र और राज्य के बीच बेहतर तालमेल से ही पश्चिम बंगाल में रेलवे विकास तेज गति पकड़ सकता है और राज्य भारत की विकास यात्रा में अपनी भूमिका सशक्त कर सकता है।

एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने अर्ली चाइल्डहुड एसोसिएशन के साथ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया

कोलकाता, समाज्ञा : चिल्ड्रन्स मेंटल हेल्थ वीक के अवसर पर एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने अर्ली चाइल्डहुड एसोसिएशन (ईसीए) के सहयोग से प्ले, अटैचमेंट एंड इमोशनल ग्रोथ विषय पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यालयी परिवेश में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया गया। सत्र के दौरान खेल-आधारित शिक्षा, सुरक्षित भावनात्मक जुड़ाव (सिक्योर अटैचमेंट) और भावनात्मक विकास को बच्चों के समग्र कल्याण और शैक्षणिक उपलब्धियों से सीधे जुड़ा बताया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि भावनात्मक

स्वास्थ्य को केवल परामर्श सत्रों तक सीमित न रखकर विद्यालय की दैनिक गतिविधियों, कक्षा संवाद, शिक्षण पद्धतियों और पारिवारिक वातावरण में भी शामिल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की भूमिका पर चर्चा करते हुए भावनात्मक रूप से सुरक्षित, सहयोगी और संवेदनशील शिक्षण माहौल विकसित करने की आवश्यकता रेखांकित की गई। सत्र का संचालन माधुरी सरदा, मनोवैज्ञानिक एवं संस्थापक, अन्नन्ता, और विधि बंसल, मनोचिकित्सक एवं सह-संस्थापक, अन्नन्ता, ने किया। उन्होंने भावनात्मक संकेतों की पहचान, विश्वास -आधारित संबंध निर्माण और अभिभावकों के साथ समन्वय जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन सूद, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, बी.डी. मेमोरियल जूनियर; एडवाइजर, आई वी डब्ल्यू एस एवं बी.डी.एम.आई.; तथा नेशनल कोर कमिटी मेंबर, ईसीए, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर एस-पीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की प्रिंसिपल डॉ. जयिता गांगुली ने कहा कि भावनात्मक कल्याण बच्चों के समग्र विकास का अभिन्न हिस्सा है और ऐसे सत्र जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुरकंगसेलेक-सिल्ले रेल सेक्शन 12-13 फरवरी को सीआरएस सुरक्षा निरीक्षण से गुजरेगा

मालीगांव : मुरकंगसेलेक-पासीघाट नई रेल लाइन परियोजना के तहत निर्मित मुरकंगसेलेक-सिल्ले सेक्शन का 12 और 13 फरवरी को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) सुमीत सिंघल द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण किया जाएगा। लगभग 15.60 किमी लंबा यह सेक्शन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के तिनसुकिया मंडल के अंतर्गत 26.15 किमी लंबी परियोजना का पहला चरण है। निरीक्षण मुरकंगसेलेक स्टेशन से सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। इस दौरान एनएफआर निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण सफल रहने और स्वीकृति मिलने के बाद सिल्ले तक मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों का नियमित परिचालन शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मुरकंगसेलेक-पासीघाट परियोजना असम के मुरकंगसेलेक से अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट तक फैली है। इसे दो चरणों में विभाजित किया गया है-पहला चरण मुरकंगसेलेक-सिल्ले (15.60 किमी) और दूसरा चरण सिल्ले-पासीघाट (10.55 किमी)। इस रूट पर सिल्ले, लाबो और पासीघाट नए स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। परियोजना में कई बड़े व छोटे पुल, रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज भी शामिल हैं। परियोजना पूरी होने पर अरुणाचल प्रदेश की असम और देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। साथ ही पर्यटन, व्यापार और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलने तथा परिवहन समय और लागत में कमी आने की संभावना है।

पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई संपन्न

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 11 फरवरी को महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर की अध्यक्षता में कोलकाता मुख्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, मुख्य राजभाषा अधिकारी, राजभाषा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से तथा मंडलों और कारखानों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उप महाप्रबंधक (राजभाषा) विक्रम सिंह ने महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, मुख्य राजभाषा अधिकारी, विभागाध्यक्षों और मंडलों/कारखानों के सदस्यों का स्वागत किया और मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता परमानंद शर्मा को स्वागत संबोधन देने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने बैठक में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण मदों पर चर्चा की और अधिकारियों से अधिक से

अधिक कार्य हिंदी में निष्पादित करने का आग्रह किया। उन्होंने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की सदस्यता और सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया। महाप्रबंधक श्री देउस्कर ने अधिकारियों और कर्मचारियों से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, कार्यालयी कार्यों में हिंदी का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण संस्थानों में प्रादेशिक एवं हिंदी भाषा में प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्टेशनों पर जनसामान्य की सुविधा के लिए प्रादेशिक, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं का उपयोग किया जाए और पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा पुरस्कार से प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में पूर्व रेलवे मुख्यालय द्वारा प्रकाशित प्रतिबिम्ब पत्रिका के अक्टूबर-दिसंबर 2025 अंक का विमोचन किया गया। साथ ही रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना (आधार वर्ष 2023) के तहत दो अधिकारियों और चार कर्मचारियों को महाप्रबंधक के कर कमलों से प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

जुपिटर इंटरनेशनल ने तीसरी सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू कर उत्पादन क्षमता दोगुनी की

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपनी तीसरी सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सफलतापूर्वक शुभारंभ कर दिया है। इस विस्तार के साथ कंपनी की उत्पादन क्षमता लगभग दोगुनी हो गई है, जो भारत के सौर विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। कंपनी ने अपने मौजूदा 959 मेगावाट उत्पादन आधार में 1 गीगावाट मोनो पीईआरसी सोलर सेल क्षमता जोड़ी है, जिससे कुल स्थापित क्षमता करीब 2 गीगावाट पहुंच गई है। नई यूनिट को उच्च दक्षता वाली मोनो पीईआरसी तकनीक पर केंद्रित किया गया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप उत्पादन बढ़ाना है। इस विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है और उन्नत सौर विनिर्माण में कुशल ग्रीन जॉब्स का सृजन होगा। कंपनी आगे 1.25 गीगावाट टॉपकॉन सोलर सेल लाइन स्थापित करने की दिशा में भी कार्यरत है। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आलोक गरोडिया ने इसे कंपनी के विकास में अहम मील का पत्थर बताया।

जेनरेशन लार्ज की असली आवाज के साथ सीग्राम्स रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का भव्य कमबैक

कोलकाता, समाज्ञा : बॉलीवुड के सदाबहार गीतों और हिप-हॉप की ऊर्जावान धुनों का अनोखा संगम पेश करने वाला प्रतिष्ठित म्यूजिक फेस्टिवल सीग्राम्स रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने चौथे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। पिछले सीजनों की सफलता के बाद इस बार आयोजन को और भव्य रूप दिया गया है। नया सीजन 21 फरवरी को कोलकाता से शुरू होगा, इसके बाद विशाखापत्तनम (7 मार्च), मुंबई (21 मार्च) और मोहाली (28 मार्च) में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल युवाओं की बदलती सांस्कृतिक रुचियों-संगीत, फैशन, फूड और गेमिंग-को एक मंच पर लाने के लिए जाना जाता है। इस वर्ष की प्रस्तुति में अंतरराष्ट्रीय कलाकार एलन वॉकर के साथ बादशाह, अरमान मलिक, डिवाइन, नीति मोहन, निकिता गांधी, रश्मीत कौर, श्रीराम चंद्र और बैंड फॉसिल्स शामिल होंगे। रफ्तार, डिनो जेम्स और डीजे साहिल गुलाटी भी मंच संभालेंगे। गेमिंग प्रेमियों के लिए पायल धारे के साथ विशेष इंटरैक्टिव सेगमेंट रखा गया है। यह फेस्टिवल लाइव म्यूजिक अनुभव को नई पहचान देने की दिशा में एक और कदम है। टिकट बिक्री शुरू हो चुकी है।

पूर्व रेलवे ने चार मंडलों में यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया

कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय रेल के सेवा पहले सिद्धांत के अनुरूप पूर्व रेलवे ने अपने चार प्रमुख मंडलों सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह में बुनियादी यात्री सुविधाओं के बड़े पैमाने पर विस्तार की घोषणा की है। इस पहल के तहत स्वच्छता और पेयजल सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए बड़ी संख्या में शौचालय, यूरिनल, पानी के नल और वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। रेल मंत्रालय और भारत सरकार के मार्गदर्शन में पूर्व रेलवे स्टेशनों को अधिक यात्री अनुकूल केंद्रों में बदलने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। यह विस्तार विशेष रूप से एनएसजी 1 से 5 श्रेणी के उन स्टेशनों पर केंद्रित है, जहां यात्री संख्या और राजस्व अधिक है। सियालदह मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर 135 यूरिनल और 103 शौचालय इकाइयां स्थापित की गई हैं। यहां 560 से अधिक पानी के नल और 24 उच्च

क्षमता वाले आधुनिक फिल्ट्रेशन युक्त वाटर कूलर लगाए गए हैं, जो चौबीसों घंटे स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं। इसी प्रकार हावड़ा मंडल में 236 यूरिनल और 115 शौचालय स्थापित किए गए हैं। पेयजल की दृष्टि से भी यहां व्यापक व्यवस्था की गई है, जिसके तहत 967 पानी के नल और 61 वाटर कूलर लगाए गए हैं। आसनसोल मंडल में 105 यूरिनल और 106 शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। उत्तर और मध्य भारत को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण जंक्शन पर 129 पानी के नल और 30 टिकाऊ व उच्च क्षमता वाले वाटर कूलर रणनीतिक रूप से स्थापित किए गए हैं। मालदह मंडल में 52 यूरिनल और 47 शौचालय स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही, 505 पानी के नल और 27 वाटर कूलर लगाए गए हैं, जिससे पूर्वोत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों को भी प्लेटफॉर्म पर आरामदायक सुविधा मिल सके। पूर्व रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय रेल अपने यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और उद्देश्य यह है कि किसी भी यात्री को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इन सुविधाओं से यात्रा को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

साउथ अफ्रीकन टूरिज्म का कोलकाता रोडशो, 220+ ट्रेड पार्टनर्स के साथ गहरा हुआ सहयोग

कोलकाता, समाज्ञा : साउथ अफ्रीकन टूरिज्म ने अपने वार्षिक इंडिया रोडशो के तहत कोलकाता में सफल आयोजन करते हुए 220 से अधिक भारतीय ट्रैवल ट्रेड भागीदारों के साथ सक्रिय संवाद किया। मुंबई में ओटीएम से शुरुआत के बाद यह कोलकाता चरण भारत को साउथ अफ्रीका के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बाजार के रूप में और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इस रोडशो में 40 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के विविध पर्यटन उत्पादों और अनुभवों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अवकाश, कॉर्पोरेट और एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्ज़ीबिशन) यात्रा क्षेत्रों में नए व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देना रहा। मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस मैनेजर (एमईआईएसईए) मिताली कर्मकार ने कहा कि भारत साउथ अफ्रीका के लिए प्राथमिक विकास बाजारों में शामिल है। उन्होंने बताया कि भारतीय यात्री अब अनुभव-आधारित छुट्टियों, प्रीमियम यात्रा और पारिवारिक पर्यटन में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। साथ ही, वे पारंपरिक स्थलों से आगे बढ़कर नए और कम-प्रसिद्ध गंतव्यों की खोज भी कर रहे हैं। कर्मकार ने कोलकाता को एक प्रमुख स्रोत बाजार बताते हुए कहा कि यहां के यात्री सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीव सफारी जैसे अनुभवों को प्राथमिकता देते हैं। रोडशो का अगला चरण 12 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य भारतीय ट्रैवल ट्रेड के साथ साझेदारी को और मजबूत करना है।

अमेजन प्राइम ने 2025 में भारत में दी सबसे तेज़ डिलीवरी, ग्राहकों को कराई बड़ी बचत

कोलकाता, समाज्ञा : अमेजन ने घोषणा की है कि वर्ष 2025 भारत में प्राइम सदस्यों के लिए अब तक का सबसे तेज डिलीवरी वाला साल रहा। कंपनी के अनुसार, 55 करोड़ से अधिक उत्पादों की डिलीवरी उसी दिन या अगले दिन की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। अमेजन ने बताया कि प्राइम सदस्यों ने औसतन अपनी वार्षिक सदस्यता शुल्क से दोगुने से अधिक की बचत की, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत सदस्यों ने अपनी फीस से आठ गुना तक की बचत हासिल की। कंपनी को 70 प्रतिशत से अधिक नए प्राइम सदस्य गैर-मेट्रो शहरों से मिले, जो सेवा की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है। प्राइम सदस्य मुफ्त और तेज डिलीवरी के अलावा विशेष ऑफर, कैशबैक, प्राइम वीडियो, अमेजन म्यूजिक, प्राइम गेमिंग और प्राइम रीडिंग जैसे डिजिटल लाभ भी प्राप्त करते हैं। अमेजन इंडिया के प्राइम प्रमुख अभिनव अग्रवाल ने कहा कि कंपनी तेज, किफायती और सुविधाजनक सेवाएं देने के लिए लगातार निवेश कर रही है।

पंचम त्रिवेणी कुंभ मेले का शुभारंभ

हुगली, समाज्ञा : त्रिवेणी कुंभ मेले के पंचम वर्ष का शुभारंभ हो गया है। कांच बाबा, टोपी बाबा और किन्नर साधुओं के अखाड़ों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। नगर कीर्तन, शक्तिपीठ परिक्रमा, रुद्राभिषेक, रुद्र महायज्ञ, शिव सहस्रनाम, साधु प्रवचन और धर्मसभा जैसे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सप्तर्षि घाट पर शाम के समय गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होने शुरू हो गया । नागा साधुओं के अखाड़े के साथ त्रिवेणी कुंभ मेले की शुरुआत हो चुकी है। जनश्रुति के अनुसार लगभग सात सौ वर्ष पहले हुगली के त्रिवेणी में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर कुंभ मेला लगता था। मकर संक्रांति

पर गंगासागर से लौटते समय साधु-संत पैदल चलते हुए माघ पूर्णिमा के दिन त्रिवेणी संगम पर एकत्र होते थे। वहां एक दिन का कुंभ आयोजित होता था, जिसे 'अनुकुंभ' कहा जाता था। पांच वर्ष पहले इस परंपरा को पुनः प्रारंभ किया गया।

त्रिवेणी में इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का समागम होता है। शुक्रवार को गंगा घाट पर पुण्य स्नान होगा, उससे पहले नागा साधुओं की नगर परिक्रमा निकाली जाएगी, जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां चल रही हैं। गंगा तट पर बने कैंप और साधु अखाड़ों में नागा साधु पहुंच चुके हैं। असम के कामाख्या से किन्नर साधु भी आए हैं। इस बार अखाड़ों का विशेष आकर्षण 'कांच बाबा' हैं। वे अपने शरीर पर भस्म लगाकर टूटे हुए कांच की बोतलों के टुकड़ों पर खड़े रहते हैं। उनका कहना है कि चार महीने से वे इसका अभ्यास कर रहे हैं और उनके पैरों में न दर्द होता है, न खून निकलता है। साधु के अनुसार यह सब माया है। बंगीय त्रिवेणी कुंभ संचालन समिति के कंचन बंद्योपाध्याय और प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि सप्तर्षि घाट, शिवपुर मैदान और आर आर कैंप इन तीन स्थानों पर मेले की तैयारियां चल रही हैं। कैंप में मुख्य रूप से सनातनी धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शाम को सप्तर्षि घाट पर हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और गंगा आरती होगी। आम लोग भी अपने पूर्वजों की स्मृति में दीप जला सकेंगे। एक समय यह सप्तग्राम एक प्रमुख व्यापारिक बंदरगाह था, जहां विदेशी जहाज व्यापार के लिए आते थे। त्रिवेणी कुंभ मेले में इस बार लाखों लोगों के आने की संभावना है और एक बार फिर त्रिवेणी क्षेत्र में रौनक लौट आई है।

दूसरी शादी के विवाद में फंसे भाजपा विधायक हिरण को हाई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत राहत

कोलकाता, समाज्ञा : दूसरी शादी को लेकर कानूनी विवाद में फंसे अभिनेता एवं भाजपा विधायक हिरण चट्टोपाध्याय को कोलकाता हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं। अदालत के निर्देशानुसार हिरण को हर 15 दिन में एक बार जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। मामले की सुनवाई पहले 4 फरवरी को निर्धारित थी, लेकिन बाद में उसे स्थगित कर दिया गया था। इस बीच, हिरण भाजपा की ओर से चुनावी प्रचार अभियानों में भी शामिल हुए थे। उनकी दूसरी शादी की तस्वीरें सार्वजनिक होने

के बाद विवाद शुरू हुआ। इसके बाद उनकी पहली पत्नी अनिंदिता चट्टोपाध्याय ने आनंदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। 28 जनवरी को हिरण के वकील ने अदालत में शीघ्र सुनवाई की मांग की थी। उन्होंने दलील दी कि उनके मुवक्किल एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, इसलिए मामले पर जल्द सुनवाई आवश्यक है। अदालत ने दलीलों को सुनने के बाद अग्रिम जमानत देने का फैसला किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 494 और 498ए के तहत मामला दर्ज है। धारा 494 के तहत जीवित जीवनसाथी के रहते दोबारा विवाह करना दंडनीय अपराध है, जिसमें सात साल तक की सजा हो सकती है। वहीं, धारा 498ए विवाहित महिला पर क्रूरता या घरेलू हिंसा से जुड़ी है, जिसमें तीन साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। मामले की जांच जारी है।

शिक्षक का फंदे से झूलता शव मिलने से सनसनी

पूर्व मेदिनीपुर : जिले के नंदकुमार थाना अंतर्गत मल्लिकचक अमरस्मृति विद्यापीठ के एक वरिष्ठ शिक्षक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सुजीत मन्ना (50) के रूप में हुई है, जो विद्यालय के अंग्रेजी विभाग में कार्यरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुजीत मन्ना का शव उनके पैतृक आवास नारीकेलदाहा (मयना) में फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मयना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में अप्राकृतिक मृत्यु (यूडी केस) का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

कांस्टेबल भर्ती में पारदर्शिता पर जोर, हाई कोर्ट ने जारी किए अहम निर्देश

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य पुलिस में कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्व-पूर्ण निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने आदेश दिया है कि इंटरव्यू प्रक्रिया शुरू होने से पहले लिखित परीक्षा के अंकों सहित पूर्ण मेरिट सूची प्रकाशित की जाए। अदालत ने यह निर्देश राज्य पुलिस भर्ती बोर्ड को दिया है। साथ ही, भर्ती प्रक्रिया के दौरान लंबाई माप में गड़बड़ी की शिकायतों पर भी अदालत ने संज्ञान लिया। अमाना खातून और तस्लीमा नसरीन सहित कुछ अभ्यर्थियों को भर्ती बोर्ड के समक्ष पुनः आवेदन करने की अनुमति दी गई है। उनका आरोप है कि वे संबंधित अधिकारियों को आवेदन देना चाहती थीं, लेकिन उनका आ-वेदन स्वीकार नहीं किया गया। अदालत ने निर्देश दिया है कि वे 48 घंटे के भीतर आवेदन कर सकती हैं और बोर्ड को उन आवेदनों पर एक सप्ताह के भीतर निर्णय लेना होगा। जानकारी के अनुसार, 2024 के नियमों के तहत राज्य सरकार ने कांस्टेबल भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। लिखित परीक्षा के बाद दिसंबर में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई और इंटरव्यू प्रक्रिया शुरू हो गई। हालांकि आरोप है कि नियमों के अनुरूप विस्तृत मेरिट सूची जारी नहीं की गई। याचिकाकर्ताओं के वकीलों का कहना है कि उनके मुवक्किल निर्धारित मानक से अधिक लंबे हैं, लेकिन मेडिकल जांच में उनकी लंबाई कम दर्ज की गई, जो संदेहास्पद है। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

विवाहेत्तर संबंध के संदेह में पति ने की पत्नी की हत्या, शव घर में बरामद

हावड़ा, समाज्ञा : हावड़ा जिले के डोमजूर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां कथित अवैध संबंध को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान महिला की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पति ने अपनी पत्नी शिखा खातून की घर के अंदर हत्या कर दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गया। घटना डोमजूर के जालान कॉम्प्लेक्स इलाके की है। खबर मिलते ही, डोमजूर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित चार मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल के कमरे से शिखा का शव बरामद किया। शव

को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि शव पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं और प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि गला दबाकर हत्या की गई। कमरे की छत से एक दुपट्टा लटका हुआ मिला, जिससे मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस ने इस संभावना को खारिज कर दिया। जांच में यह भी पता चला कि शिखा और उसका पति राहुल शेख, दोनों मुर्शिदाबाद के निवासी हैं और डोमजूर में एक फैक्ट्री में काम करते थे। करीब दो महीने पहले ही वे जालान कॉम्प्लेक्स के अंदर किराए के मकान में रहने लगे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि शिखा का एक ठेकेदार के साथ कथित संबंध था, जिसके बारे में राहुल को जानकारी थी। इस वजह से दंपती के बीच बार-बार झगड़े होते रहते थे। घटना के बाद से राहुल फरार है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

रानीगंज में अग्निमित्रा पाल के जनसंपर्क अभियान के दौरान लगे 'गो बैक' के नारे

पश्चिम बर्दवान : जिले में विधानसभा चुनावों की आहट के बीच राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बुधवार को आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के नूतन एगरा अंतर्गत पांडर बांधपाड़ा इलाके में भाजपा प्रदेश कमेटी सदस्य और स्थानीय विधायक अग्निमित्रा पाल के जनसंपर्क अभियान के दौरान तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अग्निमित्रा पाल जब अपने क्षेत्र में प्रचार और जनसंपर्क के लिए पहुंची थीं, तभी तृणमूल समर्थकों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और 'गो बैक' के नारे लगाने शुरू कर दिए। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और भाजपा कार्यकर्ता भी जवाबी नारेबाजी करने लगे। बताया जा रहा है कि विरोध के दौरान तृणमूल के कुछ स्थानीय नेताओं ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिसका विधायक अग्निमित्रा पाल ने कड़ा प्रतिवाद किया। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे पूरे इलाके में उत्तेजना फैल गई। भाजपा का आरोप है कि उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से प्रचार करने से रोका जा रहा है, जबकि तृणमूल समर्थकों का कहना है कि विधायक केवल चुनाव के समय क्षेत्र में दिखती हैं। पुलिस की कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल और विशेष बल (स्पेशल फोर्स) की तैनाती की गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल इलाके में तनाव बरकरार है और पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

अवैध बालू खनन पर एनजीटी सख्त, संयुक्त समिति गठित एवं एक माह में रिपोर्ट तलब

झाड़ग्राम/कोलकाता : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की पूर्वी क्षेत्रीय पीठ, कोलकाता ने झाड़ग्राम जिले की सुबर्णरेखा नदी में कथित अवैध बालू खनन के मामले में संयुक्त समिति का गठन किया है। यह आदेश रंधीर घोष बनाम पश्चिम बंगाल राज्य एवं अन्य की सुनवाई के दौरान पारित किया गया। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ईश्वर सिंह शामिल थे। सुनवाई 9 फरवरी को हुई। प्राधिकरण ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि आवेदन राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 14, 15 और 18 के तहत दायर किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि अवैध, अवैज्ञानिक और ला-परवाह तरीके से बालू खनन हो रही है। आवेदक का कहना है कि खनन कार्य बिना अनिवार्य पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी), स्थापना की सहमति (सीटीई) और संचालन की सहमति (सीटीओ) के किया जा रहा है। मामले में उठाए गए तथ्यों को पर्यावरण से जुड़ा गंभीर प्रश्न मानते हुए ट्रिब्यूनल ने तीन सदस्यीय संयुक्त समिति गठित की है। इसमें शामिल हैं : क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिलाधिकारी, झाड़ग्राम समिति को दो सप्ताह के भीतर बैठक कर स्थान निरीक्षण करने, आवेदक और परियोजना पक्ष को साथ लेकर तथ्यात्मक स्थिति की जांच करने तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम सुझाने का निर्देश दिया गया है। समिति को एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। झाड़ग्राम के जिलाधिकारी को समन्वय और अनुपालन के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि नदी तल से बालू खनन केवल तभी किया जा सकता है, जब राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण से पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापना एवं संचालन की सहमति प्राप्त हो। साथ ही, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, झाड़ग्राम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र में कोई अवैध खनन न हो। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की गई है।

'इको-फ्रेंडली पटाखों' के नाम पर खतरनाक प्रशिक्षण का आरोप, मुख्यमंत्री को पत्र

कोलकाता, समाज्ञा : सारा बंगला आतिशबाज़ी उन्नयन समिति (ऑल बंगाल फायरवर्क्स डेवलपमेंट एसोसिएशन) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिखकर 'पर्यावरण-अनुकूल पटाखे' बनाने के नाम पर दिए जा रहे कथित खतरनाक प्रशिक्षण को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सूत्रों के मुताबिक, यह पत्र मंगलवार को भेजा गया। इसकी प्रतिलिपि राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी भेजी गई है। संगठन ने इस मामले में तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के अध्यक्ष बाबला रॉय ने आरोप लगाया है कि दक्षिण 24 परगना जिले के बजबज इलाके में 'इको-फ्रेंडली पटाखे' बनाने के प्रशिक्षण की आड़ में अवैध और अत्यंत खतरनाक आतिशबाजी, जिसे 'कोल्ड पाइरो' कहा जा रहा है, तैयार करना सिखाया जा रहा है। उनका दावा है कि ये उत्पाद पटाखों की श्रेणी में भी नहीं आते। पत्र में, कहा गया है कि इन तथाकथित पटाखों के निर्माण में नाइट्रोसेलुलोज और एमाइल परक्लोरेट जैसे अत्यधिक जोखिम वाले रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि ये सभी रसायन पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा स्वीकृत नहीं हैं और प्रतिबंधित सूची में शामिल हैं। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि बिना लाइसेंस और बिना पर्याप्त प्रशिक्षण वाले लोगों को इस तरह की शिक्षा दी जाती है, तो हालात प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। पत्र में, कहा गया है कि यदि इस तरह का प्रशिक्षण फैलता है, तो इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा और इसके परिणामस्वरूप भीषण हादसे और जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। पत्र में, हाल ही में, हुए आनंदपुर अग्निकांड का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई थी। संगठन का दावा है कि उस हादसे में घटिया, अनधिकृत और प्रतिबंधित कच्चे माल के इस्तेमाल के कारण इतनी बड़ी जानहानि हुई। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समिति ने मांग की है कि पटाखा निर्माताओं के लिए कच्चे माल की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट और उससे जुड़े बिलों को सुरक्षित रखना अनिवार्य किया जाए। ये रिपोर्ट और दस्तावेज पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयो-गशाला प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से जारी होने चाहिए। संगठन का मानना है कि इससे किसी भी दुर्घटना के बाद उसके वास्तविक कारणों का पता लगाना आसान होगा और भविष्य में इस तरह की त्रासदियों को रोका जा सकेगा।

टिकियापाड़ा में फ्लैट के अंदर महिला की रहस्यमय मौत

हावड़ा, समाज्ञा : हावड़ा जिले के टिकियापाड़ा इलाके में एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सुमिता दे के रूप में हुई है, जो बेलिलियस रोड स्थित अपने फ्लैट में अकेली रहती थीं। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की दोपहर पड़ोसियों ने सुमिता दे को उनके फ्लैट के अंदर बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उन्होंने तुरंत टिकियापाड़ा थाने को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। बताया जा रहा है कि सुमिता दे के पति हावड़ा कोर्ट में वकील थे, जिनका तीन वर्ष पहले निधन हो चुका है। इस मामले की जांच जारी है।

दासपुर में किशोरी का शव बरामद

पश्चिम मेदिनीपुर : जिले के दासपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खातबाड़ी गांव में बुधवार की सुबह एक 16 वर्षीय किशोरी श्रेया हायत का शव उसके घर से बरामद किया गया। परिवार के अनुसार, मंगलवार की रात सब कुछ सामान्य था। श्रेया ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बैठकर भोजन किया, हंसी-मजाक भी हुआ और फिर वह रोज की तरह अपने कमरे में सोने चली गई। बुधवार की सुबह काफी देर तक जब श्रेया कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों को चिंता हुई। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आशंका बढ़ने पर जब दरवाजा तोड़ा गया, तो भीतर से किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी दौड़े चले आए। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की सूचना पाकर दासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने असामान्य मृत्यु का मामला दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

रायगंज में 3.5 करोड़ की हेरोईन और नदिया में 54 किलो गांजा जब्त, 5 गिरफ्तार

सिलीगुड़ी/कोलकाता : राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। इसी अभियान के तहत रायगंज से 3.5 करोड़ रुपए की हेरोईन और नदिया जिले से 54 किलो गांजा जब्त किया गया है। रायगंज से हेरोईन की खेप के साथ मालदह निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। नदिया से 4 लोगों को पकड़ा गया है। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और रायगंज पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में रायगंज थाना क्षेत्र के सिलीगुड़ी मोड़ से एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लगभग 700 ग्राम हेरोईन मिली।

गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद शब्बीर शेख (18) है। वह मालदह जिले के कालियाचक थाना क्षेत्र के खास चांदपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने बताया कि एसटीएफ को पहले ही इनपुट मिल गया था कि मालदह से भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की खेप रायगंज के रास्ते ले जायी जा रही है। कोलकाता एसटीएफ और रायगंज पुलिस के स्पेशल ऑपरेटिंग ग्रुप (एसओजी) ने जाल बिछाकर सिलीगुड़ी मोड़ पर संदिग्ध को रोका। उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास एक प्लास्टिक का टिफिन बॉक्स मिला। उस बॉक्स में 7 पैकेट रखे थे। इन पैकेट्स की जांच करने पर पता चला कि ये ड्रग्स हैं।

उधर, नदिया जिले की कृष्णानगर कोतवली पुलिस को भी बड़ी सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात 2 अलग-अलग ऑपरेशन में 54 किलोग्राम गांजा के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पहले ऑपरेशन में वोर्टेक्स लोटस क्लब के सामने से दो ट्रॉली बैग में लगभग 26 किलो गांजा बरामद किया गया। दूसरा ऑपरेशन हाई रोड के पास एक होटल के सामने चला। यहां से एक ट्रॉली और एक स्कूल बैग में लगभग 28 किलोग्राम गांजा बरामद किये गये। गिरफ्तार सभी आरोपी मुर्शिदाबाद के डोमकल इलाके के निवासी हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

बसीरहाट में तृणमूल पार्षद के घर पर बमबाजी, इलाके में हड़कंप

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट में तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर बम से हमला होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हमला मंगलवार की रात वार्ड 8 के पार्षद असित मजूमदार के घर पर हुआ। उन्होंने बम की आवाज सुनी, लेकिन जब तक वे घर से बाहर निकले, तब तक बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। तृणमूल कांग्रेस के नेता असित मजूमदार ने इस घटना पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि अपने 55 साल के लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी ऐसी घटना नहीं देखी। उन्होंने इस हमले के पीछे पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी की ओर इशारा

किया है। उन्होंने कहा कि वामपंथी शासन में भी किसी ने मेरे घर पर हमला करने की हिम्मत नहीं की थी। उन्होंने कहा कि बसीरहाट में ऐसे हालात देखकर उन्हें दुख होता है। मेरा किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं है, इसलिए मैं किसी का नाम नहीं ले सकता। घटना की खबर मिलते ही बसीरहाट दक्षिण के विधायक सप्तर्षि बनर्जी समेत पार्टी के स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे। विधायक ने इस घटना की निंदा की और इसके पीछे विपक्षी दल की साजिश की आशंका जताई। वहीं, बीजेपी ने इस घटना के लिए तृणमूल कांग्रेस की अंदरूनी कलह को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बसीरहाट पुलिस जिले के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि पार्षद के घर पर सॉकेट-टाइप बम फेंका गया था। मौके से बम के टुकड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस पार्षद और आसपास के लोगों से बात कर जानकारी जुटा रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, हादसे में तृणमूल नेता की मौत

जलपाईगुड़ी : जलपाईगुड़ी में हुए एक सड़क हादसे में तृणमूल कांग्रेस के नेता लुत्फर रहमान की मौत हो गई। वे तृणमूल कांग्रेस के जलपाईगुड़ी अल्पसंख्यक सेल के ब्लॉक अध्यक्ष थे। हादसे में उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात लुत्फर रहमान अपनी बेटी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी, गोशाला मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर बाइक को कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में पिता-पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने लुत्फर रहमान को मृत

घोषित कर दिया। उनकी बेटी का इलाज जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस की एक गाड़ी में तोड़फोड़ भी की गई। हालात को काबू में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में आई। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

2 बंगाल नेवल एनसीसी यूनिट ने लगातार चौथे साल बेस्ट यूनिट का अवार्ड जीता

राज्यपाल ने यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर को प्रदान किया ट्राफी

कोलकाता, समाज्ञा : एनसीसी के पश्चिम बंगाल और सिक्किम निद-ेशालय के तहत आने वाली 2 बंगाल नेवल यूनिट, कोलकाता ने लगातार चौथे साल बेस्ट यूनिट का अवार्ड जीता है। सोमवार को कोलकाता लोक भवन में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल की उपस्थिति में 2 नेवल एनसीसी यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) कमांडर मृण्मय घोष को प्रतिष्ठित बेस्ट यूनिट ट्राफी प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता में मौजूद इस

नेवल एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों व विभिन्न प्रतियोगिताओं में साल 2025 में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें महाराष्ट्र के लोनावाला में ऑल इंडिया नौसैनिक कैंप और नई दिल्ली में वार्षिक रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) शामिल हैं। मालूम हो कि यह लगातार चौथी बार है, जब इस यूनिट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीत का सिलसिला जारी रखते पूरे बंगाल व सिक्किम निदेशालय में बेस्ट यूनिट का अवॉर्ड जीता है। जो कैडेटों के बेहतर प्रशिक्षण और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन को दिखाता है। साल 2024 में इस यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर के मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था।

प्रेम प्रसंग में छात्र की हत्या मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार

सिलीगुड़ी : माटीगाड़ा थाना क्षेत्र में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग को लेकर छात्र सुभोजीत मोदक (15) की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपित काजल पासवान उर्फ राज (24) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार देर रात एनजेपी इलाके से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि माटीगाड़ा के शिमुलतला इलाके निवासी कक्षा दसवीं के छात्र सुभोजीत मोदक पिछले शनिवार से लापता थे। तीन दिन बाद सोमवार देर रात उनका शव सुकना के जंगल से बरामद किया गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि हत्या त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के कारण की गई। इस मामले में पुलिस ने पहले एक नाबालिग को हिरासत

में लेकर पूछताछ की थी। उसी की निशानदेही पर जंगल से शव बरामद हुआ। घटना के बाद से मुख्य आरोपित काजल पासवान फरार था। शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और आरोपितों को फांसी देने की मांग की। घटना के बाद पुलिस पर काफी दबाव था। लगातार जांच के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर बुधवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश करेगी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई बेल्ट भी बरामद कर ली है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

बसंत ऋतु में आहार विहार

पं. श्यामस्वरूप जोशी

हमारा भारत विश्व के उन गिने चुने देशों में से एक देश है जहां वर्ष में छः ऋतुएं हुआ करती हैं। हर ऋतु अपने-अपने गुण-धर्म के अनुसार प्राणियों के तन और मन पर प्रभाव डाला करती हैं। इसलिए हमारे आयुर्वेदाचार्यों ने अपने-अपने ग्रंथों में हर ऋतु के पथ्यापथ्य का निरूपण किया है।

जो व्यक्ति ऋतुओं के अनुसार पथ्यापथ्यों का पालन करता है वह निश्चित रूप से निरोगता को धारण करता है तथा जो व्यक्ति जाने या अनजाने में ऋतु धर्म के विपरीत रसों का सेवन करता है, वह चाहे कितना ही बलवान क्यों न हो, अपने स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है।

शीतकाल में गरिष्ठ और भारी पदार्थों का सेवन बल को प्रदान करता है तो ये ही पदार्थ बसन्त, गर्मी और वर्षा में स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हैं। इसी प्रकार शीतकाल में कड़वे और कसैले पदार्थ हानिकारक होते हैं तो बसन्त ऋतु में कड़वे और कसैले पदार्थ लाभदायक बन जाते हैं। हां, प्रत्येक रस का

अपने शरीर के बलाबल और रूचि से अधिक सेवन करना भी हानिकारक होता है

दोषों का कोप और शमन:-

आयुर्वेद और हकीमात के अनुसार हमारे शरीर को धारण करने वाले तीन दोष हैं वात या वायु

(सफरा), पित्त (सोदा) और कफ (बलगम)। इन्हें धातु भी कहा जाता है।

आचार्य बंगसेन के मतानुसार वात वर्षा, हेमन्त और शिशिर ऋतु में कुपित होता है। पित्त शरद और ग्रीष्म ऋतु में कुपित होता है और कफ बसन्त ऋतु में कुपित हुआ करता है।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार पित्त के कोप से होने वाले रोगों की शांति हेमन्त ऋतु में अपने आप हो जाया करती है तो कफ रोगों की शान्ति ग्रीष्म ऋतु में और वात यानी वायु के रोगों की शांति शरद ऋतु में हो जाती है।

वर्ष का ऋतु ज्ञान

हमारे भारत का ऋतु चक्र दो भागों में बंटा हुआ है ;1, भारत का यह भाग विशेष कर उत्तरी भारत जहां वर्ष में लगभग चार माह का शीतकाल होता है. वहां बसंत ऋतु चैत्र बैसाख में आती है। ;2. भारत का दक्षिणी भाग जहां वर्षा की दो ऋतुएं हुआ करती हैं। यहां बसंत ऋतु 19 फरवरी से 19 अप्रैल तक रहती है।

विशेष

पृथ्वी परिक्रमण के हिसाब से तो ऋतुओं का गमनागमन उपरोक्त सारणियों के अनुसार ही होता है पर कुछ कारणों से किसी भाग या क्षेत्र का ऋतु चक्र 10-20 दिन आगे हो जाया करता है अतः ऋतु के आहार-विहार को धारण करते समय अपने निवास के वातावरण, आबो-हवा को विशेष महत्त्व दिया जाना चाहिए।

बसंत की महिमा

वर्ष की छः ऋतुओं में बसंत और शरद दोनों ही ऋतु श्रेष्ठ मानी गई हैं। वैसे तो दोनों ही ऋतुएं प्राणियों-जड़ और चेतन के लिए सुखद रहती हैं पर बसंत के तो नाम की महिमा ही निराली है, जैसे बयारों के बासंती प्राणियों को बल प्रदान कराने वाली दक्षिणानल बयार, रंगों में बासंती रंग देखने मात्रा से ही सुख और बल प्रदान कराने वाला रंग, रागों में बसंत राग कानों को सुखद और मन को खिला देने वाला एक राग तो औषधियों में बसंत मालती जैसी बल प्रदान कराने वाली औषधि प्रसिद्ध है।

आयुर्वेद में भी बसंत ऋतु को सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है क्योंकि यह ऋतु प्राणियों में बल और सौन्दर्य कान्ति दोनों ही प्रदान कराती है पर इसके लिये इस ऋतु के पथ्य को धारण किया जाए और सौन्दर्य प्रदान कराने वाले आयुर्वेदिक योगों का प्रयोग किया जाए।

बसंत के पथ्यापथ्य

बसंत ऋतु में सूर्य की गर्मी के कारण कफ पिघलकर कुपित हो जाया करता है अतः रोगियों को अपने स्थानीय कुशल वैद्य या हकीमों की देख-रेख में तीक्ष्ण वमन व विरेचन द्वारा कफ को निकलवा देना चाहिये तथा कफ को सुख देने के लिये उचित मात्रा में कड़वे पदार्थों का सेवन और उबटन करना चाहिए।

बसंत में पुराने जौ, गेहूं, चावल तथा चने का प्रयोग करना चाहिए। बसंत में कचनार की फली, सहजन का साग, मेथी, बथुआ, चैलाई, लौकी, बैंगन, घीया या तुरई, मूली, पेठा, परवल, अदरक और मसूर की दाल हितकारी रहती है।

बसंत ऋतु में खट्टी, चिकनी और पचने में भारी वस्तुओं और दिन में सोने को त्याग देना चाहिए। इसके अलावा रबी फसल में पैदा हुए सभी ताजा अन्नों, बाजरा, उड़द, गुड़, भैंस का दूध, दही, खिचड़ी, चिवड़ा, आलू, सिंघाड़ा, सावां, पोई, बड़ी प्याज और नाड़ीशाकों का भी कम से कम प्रयोग करना चाहिए। मांसाहारियों को भेड़ व मुर्गे का मांस त्याग देना चाहिए। बसंत में अधिक मीठी वस्तुओं का सेवन करना भी हानिकारक रहता है अतः मीठे रसों का कम से कम प्रयोग करें।

बल और सौन्दर्य के लिये

वैसे तो बसंत अपने गुण-धर्मों के अनुसार प्राणियों को अपने आप ही बल और सौन्दर्य प्रदान करता है। यदि बसंत ऋतु में बल और सौन्दर्य को बढ़ाने के लिए कुछ उपयुक्त योग अपनाया जाये तो उसमें चार चांद लग जाया करते हैं। (स्वा.द.)

सेहत की खबरें

कैंसर भी पैदा करते हैं रंगीन खाद्य पदार्थ

कैंसर जागरूकता सह जांच शिविर में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. ए. ए. हई ने बताया कि रंग मिले खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से कैंसर की संभावना काफी बढ़ जाती है। खान-पान व रहन-सहन में व्यापक बदलाव आने और खाद्य पदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए रंगों का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। रंगीन पदार्थों को खाने से बचना चाहिए अन्यथा कैंसर हो सकता है और जीवन दूभर हो सकता है।

बुढ़ापा शीघ्र लाती है अनिद्रा

एक ओर जहां भरपूर नींद स्वास्थ्य और सौंदर्य की कुंजी है, वहीं अनिद्रा रोग बुढ़ापे के जल्दी आने का कारण होता है क्योंकि कम सोने वाले लोग जल्दी बूढ़े हो जाते हैं। यह कहना है जर्मनी के अनिद्रा रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों का। एक हजार बच्चों पर किए गए अनुसंधान के अनुसार इक्कीस प्रतिशत बच्चे नींद की विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं। अनुसंधान के अनुसार अनिद्रा के रोग के प्रमुख कारणों में ज्यादा समय तक टी. वी. देखना, देर रात तक जागना और अनियमित दिनचर्या शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जो बच्चे रात में ठीक से सो नहीं पाते, वे चिड़चिड़े हो जाते हैं और पूरी नींद न आने के कारण उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी बीमारियां, पक्षाघात और पाचन संबंधी गड़बड़ियां हो जाती हैं।

पौष्टिकता खो देती हैं माइक्रोवेव में पकी सब्जियाँ

फ्रांस के शोधकर्ताओं ने सब्जियों में पाये जाने वाले एंटी आक्सीडेंट्स के अध्ययन के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि सब्जियों को भाप में, माइक्रोवेव में, प्रेशर कुकर में या किसी भी प्रकार से पकाने पर उनसे कुछ उपयोगी रसायन निकलते हैं और ये एंडीआक्सीडेंट कोशिकाओं को रसायनों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। सब्जियों को भाप में पकाने पर एंटीआक्सीडेंट को नुकसान नहीं होता जबकि माइक्रोवेव में पकने वाली सब्जियों के अत्यधिक तापमान के कारण उनके एंटीआक्सीडेंट पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं। माइक्रोवेव के अतिरिक्त अन्य किसी भी विधि से पकाई जाने वाली सब्जियों के एंटीआक्सीडेंट नष्ट नहीं होते।

बच्चों के मानसिक विकास पर घातक प्रभाव डालता है एक्सरे

लंदन स्थित स्टॉकहोम के वेरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों के अनुसार सिर की चोट के लिए एक्सरे जहां उपचार के लिए आवश्यक होता है, वहीं दूसरी ओर इससे बच्चों का मानसिक विकास भी अवरुद्ध हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मामूली चोट के बाद सीटी स्कैन करने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी चाहिए।

तीन हजार लोगों पर किये गये शोध के अनुसार उन्होंने पाया कि जिन्हें हीमेनग्योमा के लिए रेडिएशन ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, उनके सिर और गरदन पर स्ट्राबैरी के निशान पाये गये। ब्रिटिश मेडिकल जनरल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक अठारह माह से कम के जिन बच्चों को रेडिएशन चिकित्सा दी गई, उन सभी का बौद्धिक विकास कम होता देखा गया।

बच्चों को विकलांग तक बना सकता है गर्भावस्था में धूम्रपान

अमेरिका के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में पाया है कि जो गर्भवती औरत गर्भकाल के धूम्रपान करती है उसके बच्चे को हाथ एवं पांव की पैरों की अंगुलियों के विकृत होने का खतरा बहुत अधिक बना रहता है। गर्भवती महिला जितना अधिक धूम्रपान करती है, होने वाले बच्चे के लिए खतरा उतना ही अधिक बढ़ जाता है।

शोध के दौरान यह बात भी सामने आयी है कि धूम्रपान करने वाली महिला का शिशु दूसरी माताओं के बच्चों की तुलना में कानों से अच्छी तरह नहीं सुन सकता अर्थात धूम्रपान सुनने की क्षमता को भी कम कर डालता है। गर्भवती माताओं को चाहिए कि गर्भावस्था में भूलकर भी धूम्रपान न करें क्योंकि इससे उनका बच्चा विकलांग पैदा हो सकता है।

अधिक आराम तनाव बढ़ाता है

लंदन विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिकों के अनुसार शरीर और मस्तिष्क को अधिक आराम देने से भी तनाव बढ़ता है। जो लोग सेवा निवृत्ति के बाद अपने घर पर बिना किसी काम किये बैठे रहते हैं, उनका वैवाहिक जीवन भी तनावग्रस्त हो जाता है। पत्नी छोटी-छोटी बातों पर झिड़कनें लगती है तथा बच्चे-बहू एवं पोते-पोतियां भी उन्हें निठल्ला समझकर उनका अनादर करते रहते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसे व्यक्तियों को समाज सेवा आदि में अपना समय देना प्रारंभ कर देना चाहिए।

जानिए लंबी और स्वस्थ जिंदगी का राज

नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका के माध्यम से अलग-अलग देशों में लंबी आयु जी रहे लोगों पर एक सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण रिपोर्ट में पत्रिका ने लिखा - अगर आप अपनी जिंदगी में दस स्वस्थ साल और जोड़ना चाहते हैं तो धूम्रपान छोड़ दीजिए, सक्रिय रहिए। परिवार तथा समाज को समय दीजिए और अपने भोजन में फलों, सब्जियों तथा अंकुरित अनाज को स्थान दीजिए। इस पत्रिका ने सौ साल के एक जापानी वृद्ध से लेकर एक सौ एक वर्षीया अमेरिकी महिला तक पर अध्ययन किया और लंबी तथा स्वस्थ जिंदगी के लिए जो सबसे बड़ी बात सामने आयी वह थी शाकाहार। शाकाहारी बनकर लंबी और स्वस्थ जिंदगी जी जा सकती है।(स्वा. द.)

शादी समारोह में बीमारी से बचें

प्रहलाद अग्रवाल

इन दिनों शादी समारोहों की चारों तरफ भरमार है। ऐसे में निम्नानुसार सावधानियां रखकर आप व आपका परिवार टाइफाइड, पीलिया, आंव, दस्त, उल्टी बुखार से बच सकते है। आइये जानें?

पानी, शर्बत, जूस एवं अन्य पेय पदार्थ:-

इन पदार्थों के निर्माण में पानी एवं बर्फ का प्रयोग किया जाता है। पानी एवं बर्फ की शुद्धता की ओर जरा भी ध्यान इन समारोहों में प्रायः नहीं दिया जाता। पानी यदि ड्रम बाल्टी से भरकर दिया जा रहा हो और यदि उसमें बर्फ भी डाली गई हो तो ऐसे पानी से दूरी बनाये रखना बेहतर है।

सलाद:-

समारोह में सलाद के रूप में मूली, गाजर खीरा, प्याज, टमाटर आदि का प्रयोग होता है जो साफ पानी में कई बार अच्छे से न धोये जाने के कारण दूषित रहते हैं। इनका सेवन भी बीमारी को आमंत्रित करता है।

चाट:-

चाट में पापड़ी, दही भले, गोलगप्पे, टिक्की, बेसन का चीला भेल, आदि आइटम में धनिया पत्ती कच्ची या चटनी के रूप में डाली जाती है जिसे जल्दबाजी में प्रायः अच्छे से कई बार नहीं धोया जाता, इस कारण इससे भी बीमार होने की संभावना रहती है।

दूषित खाद्य पदार्थ:-

उपरोक्त समारोह के अलावा अन्य स्थानों में भी, यहां तक के आपके घर में भी सावधानियों के अभाव में बीमार हो सकते हैं। दस्त, उल्टी के लक्षण दूषित पदार्थों के सेवन के बाद 1-2 दिन के अंदर आ जाते हैं परन्तु पीलिया, टाइफाइड के लक्षण उभरने में 10-15 दिन तक का समय लग सकता है।

वर्तमान समय में आयोजकों को ऐसे किसी समारोह का आयोजन करते समय उपरोक्त बातों का ध्यान रखते हुए सावधानियां अवश्य रखनी चाहिएं ताकि उनके यहां आने वाले मेहमान दूषित भोजन, पानी, चाट से बीमार न पड़ें। (स्वा.द.)

रोइये और निरोग रहिये

पूनम दिनकर

आँसू सिर्फ गम का इजहार करने के लिए ही नहीं बहाये जाते बल्कि इनके बहने से अनेक प्रकार की बीमारियों का भी शमन होता है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जो व्यक्ति आंसुओं की मदद से अपने गम या खुशी का इजहार नहीं करता, उसका मन ही बीमार हो जाता है।

आंसू में एक प्रकार की अद्भुत कीटाणुनाशक शक्ति होती है। ये आंखों में जमा गंदगियों को धोकर उसकी सफाई तो करते ही हैं, साथ ही बाहरी वातावरण से आंखों में पहुंचने वाले अदृश्य कीटाणुओं को भी नष्ट कर डालते हैं।

यद्यपि शौक से कोई रोना नहीं चाहता और चाहकर भी रोना आसान नहीं है परन्तु दया, करूणा, प्रेम, बिछोह आदि की अवस्था में आदमी अपने-आप को रोक नहीं पाता और आंखें बरबस ही बरस पड़ती हैं। इतने ही समय में टपक पड़ने वाले आंसू आंखों को स्वस्थ बनाये रखने में समर्थ होते हैं।

वैज्ञानिक विश्लेषणों के अनुसार आंसुओं में 94 प्रतिशत पानी होता है। मात्रा छह प्रतिशत रासायनिक तत्व होते हैं, जिसमें कुछ क्षार और लाइसोजाइम नामक रासायनिक यौगिक होता है। यह लाइसोजाइम ही है जिसमें कीटनाशक अद्भुत क्षमता निहित होती है।

लाइसोजाइम किसी न किसी रूप में उपस्थित रहकर हमारे खून को भी कीटाणुमुक्त रखने में मदद करता है. लाइसोजाइम में सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि जब तक कीटाणु जीवित रहते हैं, तब तक यह उनको नष्ट करने के प्रयास में लगा रहता है। इसमें कीटाणुओं को समाप्त करने के लिए लम्बे समय तक जूझते रहने की अद्भुत क्षमता होती है।

जब शब्द रूपी भावनाएं अपने मनोभावों को व्यक्त करने में असमर्थ हो जाती हैं, तब हमारी भावनाओं को आंसुओं द्वारा ही वाणी प्रदान होती है। आंखों से आंसुओं का निकलना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है परंतु स्वास्थ्य की दृष्टि से आंसू हंसी से भी अधिक अहमियत रखते हैं।

रोने के कई प्रकार होते हैं। कुछ लोग चुपचाप आंसू टपकाते रहते हैं तो कुछ हिचक-हिचककर रोते हैं। कुछ व्यक्ति दहाड़ें मारकर रोया करते हैं। आंसू तो सभी स्थितियों में ही निकलते हैं, लेकिन दहाड़ें मारकर रोने में मस्तिष्क पर भार पड़ता है और मस्तिष्क के अंदर दबा तनाव उसके प्रभाव से दूर हो जाता है।

रोने से फेफड़े खुल जाते हैं, मुंह धुल जाता हैं, आंखों की कसरत व सफाई हो जाती है और मिजाज ठीक हो जाता है। रूलाई आने पर अगर उसको रोकने का प्रयास किया जाता है तो जुकाम, अरूचि, चक्कर आना, आंखों में पीड़ा होना, हृदयाघात, उच्च या निम्न रक्तचाप का होना, गर्दन में अकड़न, धातुस्राव, आदि के रूप में अनेक उपद्रव हो सकते हैं।

आंसू हृदय में छिपी घनीभूत पीड़ा को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाते हैं, अतः इन्हें 'संजीवनी, मोती आदि की संज्ञा भी दी जाती है। रोना स्वास्थ्य के लिये अत्यन्त लाभदायक है,अतः -'रोइये और निरोग रहिए।' (स्वा. द.)

नारियल - खूबसूरती का खजाना

सुनीता गाबा

नारियल ऊपर से सख्त, अंदर से नर्म अपने अंदर इतने गुणों को समेटे हुए है। सेहत और सुंदरता के लिए नारियल का प्रयोग प्राचीन काल से होता आ रहा है। नारियल मानव के लिए प्रकृति की अनुपम भेंट है। नारियल का गूदा, तेल और मलाई सभी ही सुंदरता निखारने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं।

नरम-मुलायम, निखरी त्वचा के लिए नारियल तेल बहुत उपयुक्त है क्योंकि नारियल तेल त्वचा के अंदर आसानी और जल्दी से समा जाता है। रूखी, खुरदरी और झुर्रियों वाली त्वचा को चिकना बनाने में भी नारियल उपयुक्त है।

बालों को पोषण देता है नारियल तेल। बालों की जड़ों पर हल्का गर्म तेल हल्के उंगलियों के पोरों से लगाने पर बाल मजबूत और काले भी रहते हैं।

नारियल का गूदा चेहरे की त्वचा के लिए उत्तम फेस मास्क है। चेहरे पर नारियल के गूदे का लेप लगाएं 20 से 25 मिनट तक लगा रहने दें, फिर चेहरा धो लें। त्वचा जवां और तरोताजा नजर आएगी।

नारियल के तेल से मालिश कर स्नान करने से त्वचा नरम मुलायम बनती है।

सर्दियों में नारियल तेल होंठों पर लगाएं होंठ नमी युक्त भी रहेंगे और मुलायम भी।

फटी एड़ियों के लिए वैसलीन में नारियल तेल मिलाकर रात्रि में एड़ियों पर लगाएं। एड़ियों का फटना ठीक हो जाएगा।

नींबू के आधे छिलके में छोटा आधा चम्मच नारियल तेल डालें और चेहरे गर्दन पर उसे घुमा दें। मेकअप आसानी से साफ हो जाएगा। (स्वा. द.)

किस बर्तन में खाना बनाएं

डा. संजीव कुमार वर्मा

आदि मानव को जब भूख ने सताया तो उसने दूसरे जानवरों का शिकार करके अपना पेट भरा। पेड़ों से फल फूल तोड़कर अपनी भूख मिटाई। घास के बीजों का भक्षण किया और अपनी क्षुधा शांत की मगर घासों के बीज तो हर समय उपलब्ध नहीं थे तो उसने बीजों का संग्रह शुरू किया।

फिर समस्या आई उनके संग्रह की, उनके भंडारण की तो पत्थर के भांडों का आविष्कार हुआ। फिर मिट्टी के बर्तन बनाये गए। लौह युग आया तो मिट्टी के साथ साथ लोहे के भांडे बनाए गए और ताम्र युग आया तो लोहे के बर्तनों का स्थान तांबे के बर्तनों ने ले लिया।

फिर मानव बुद्धिमान होता गया और नई नई धातुएं खोजता चला गया। और उनसे बनाता गया सुंदर सुंदर बर्तन।

गरीबों के हाथ में दिखाई दिए सस्ती धातुओं के बर्तन और अमीरों ने प्रयोग में लिए महंगी धातुओं के बर्तन।

फिर आया अल्युमीनियम, सुंदर सस्ता और टिकाऊ।

आते ही धूम मचा दी। वजन में हल्काख् ऊष्मा का बेहतरीन सुचालक और इसने आते ही किचन में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया।

फिर आया आधुनिक मानव।

आधुनिक मानव ने लोहे में कार्बन, निकिल और क्रोमियम मिलाकर बनाया स्टील मगर किचन में पैर पसारे बैठे अल्युमीनियम के बर्तनों को वहाँ से निकाले कैसे?

कुछ तो करना पड़ेगा। तो करो अल्युमीनियम के बर्तनों की बुराई करो। मानव को डराओ। उसे जान का खतरा बताओ। अल्युमीनियम के बर्तनों की इतनी बुराई करो कि आधुनिक मानव डर कर अल्युमीनियम के बर्तन प्रयोग करना कम कर दे। कम क्या कर दे बन्द ही कर दे।

और यह चाल सफल रही। मानव डर गया। चिकने चुपड़े स्टील की बातों में आ गया। उसे लगा कि बस स्टील के बर्तन में न खाया तो सब बेकार अल्युमीनियम की बुराई में क्या कहा गया?

कहा गया कि अल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने से खाने के अंदर अल्युमीनियम का अंश आ जाता है जो खाने के साथ डाईजेस्टिव सिस्टम से होता हुआ ब्रेन में पहुंच जाता है और ब्रेन का फंक्शन बाधित कर देता है। डिमेशिया नामक बीमारी हो जाती है। खूब प्रचार किया गया इसी तरह का। लोग भी खूब डरे। फिर इस विषय पर विस्तृत खोज हुई और वैज्ञानिकों ने यह पाया कि अल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने के फलस्वरूप एक दिन में मात्रा 10 मिलीग्राम अल्युमीनियम हमारे शरीर में जाता है जबकि वैज्ञानिक शोध यह बताते हैं कि एक दिन में 100 मिलीग्राम तक भी मानव शरीर में जाये तो कोई समस्या नहीं। तो आधुनिक मानव द्वारा अल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने के परिणामस्वरूप अल्युमीनियम का अंतर्ग्रहण उसकी परमिशिबिल लिमिट का मात्रा 10 प्रतिशत था।

अब बात करते हैं स्टील की जो बनाया गया था लोहे में कार्बन, निकिल और क्रोमियम डालकर। ये निकिल और क्रोमियम दोनों तत्व ही टाक्सिक हैं। जैसे अल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने से शरीर में अल्युमीनियम चला जाता था उसी तरह स्टील के बर्तनों में खाना पकाने से क्रोमियम अंदर जाता है।

कितना क्रोमियम अंदर जाता है?

स्टील के बर्तनों में खाना पकाने से एक दिन में 45 माइक्रोग्राम तक क्रोमियम अंदर जाता है।

क्रोमियम की सेफ लिमिट क्या है?

क्रोमियम की सेफ लिमिट है 200 माइक्रोग्राम तक। इसका अर्थ यह हुआ कि अल्युमीनियम सेफ लिमिट का 10 प्रतिशत अंदर जाता था तो क्रोमियम सेफ लिमिट का 25 प्रतिशत अंदर जाता है।

अल्युमीनियम का अंतर्ग्रहण भी सेफ लिमिट में ही था और क्रोमियम का भी सेफ लिमिट में ही है तो फिर हंगामा है क्यों बरपा?

अल्जाइमर एसोसिएशन ने अल्युमीनियम पर काफी एक्सपेरिमेंट कराए मगर कोई भी यह साबित न कर सका कि अल्युमीनियम के बर्तनों में पके खाने को खाने से अल्जाइमर या डिमेशिया जैसी बीमारियों का कोई खतरा है।

वह बात अलग है कि मिट्टी के भांडों में पके खाने का स्वाद अलग ही होता है। तो झूठ मूठ की बीमारी से डर कर नहीं बल्कि स्वादिष्ट खाना खाने के लिए लौट आइये मिट्टी के बर्तनों की ओर।

और हाँ, बचपन में अम्मा ने हाकिन्स के प्रेशर कुकर में खाना पकाकर खिलाया जो अल्युमीनियम का था। वर्ष 1998 से सहचरी यूनाइटेड प्रेशर कुकर में खाना पकाकर खिला रही है। ये भी अल्युमीनियम का ही है। मुझे तो अब तक डिमेशिया न हुआ।

एक बात और बता देता हूँ.... ये चाय है न इसकी पत्तियों में अल्युमीनियम खूब होता है। बच के रहिये। और चाय पीने के बाद हुई एसिडिटी को ठीक करने के लिए ये जो एंटासिड खाते हैं, न इसमें भी अल्युमीनियम होता है भारी मात्रा में। और वो जो परफ्यूम लगाते हैं न उसमें भी अल्युमीनियम होता है। सोचिए जनाब क्या क्या छोड़ेंगे। (स्वा. द.)

दांतों की सुरक्षा-कुछ महत्त्वपूर्ण उपाय

अंजलि गंगल

हमारे चेहरे की आभा बढ़ाने में सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान हमारे दांत रखते हैं। दांतों की उपमा हमेशा मोतियों से की जाती है। स्वच्छ, उज्जवल व दूध से धुले दांत किसे आकर्षित नहीं करते? दांतों से ही संपूर्ण मुख की सुंदरता है परंतु देखा गया है कि आजकल लोगों में दांतों के रोग दिन पर दिन घर पकड़ते जा रहे हैं।

दांतों का असमय गिरना, उनमें दर्द रहना, उनका लाल-पीला हो जाना और भी न जाने कितनी दांतों से संबंधित परेशानियां लोगों को बर्दाश्त करनी पड़ती हैं। उसका कारण है दांतों की सही रूप से देखभाल न होना। यदि हम थोड़ा सा समय व ध्यान देकर दांतों की देखभाल करें तो निश्चित रूप से दांतों के हर रोग से छुटकारा पा सकते

हैं। उसके लिये आवश्यक है।

यदा-कदा सरसों के तेल व नमक को मिलाकर उससे दांत साफ करें। इससे दांतों की मालिश होगी और दांत व मसूड़े मजबूती को प्राप्त होंगे।

अधिक गर्म व अधिक ठण्डे खाने-पीने से परहेज करें क्योंकि किसी भी चीज की अधिकता दांतों को कमजोर बनाती है।

खाना-पीना धीरे-धीरे चबा चबाकर करें ताकि दांतों व मसूड़ों की सही कसरत हो सके।

जहां तक हो सके, फलाहार व शाकाहार लें। दूध व जल इत्यादि का प्रचुर मात्रा में प्रयोग करें और दांतों को मजबूती दें।

पान, जर्दा, मसाले इत्यादि से दूर रहें क्योंकि ये न सिर्फ दांतों को गंदा बनाते हैं बल्कि कई रोगों को भी आमंत्रित करते हैं।

खान-पान के बाद मुंह व मसूड़ों की सफाई की आदत डालिये। दांतों में फंसे अन्न कण भी दांतों को तकलीफ पहुंचाते हैं।

जहां तक हो सके, दांतों को साफ करने के लिये प्राकृतिक चीज़ों, दातुन इत्यादि का ही प्रयोग करें।

उपर्युक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुये हम कभी दांतों के रोगों से पीड़ित नहीं होंगे और कुदरत के इस अनुपम, अनमोल, नायाब तोहफे को खराब होने से बचा पायेंगे। (स्वा. द.)

बेहतर स्वास्थ्य के लिए टहलना है बहुत जरूरीडॉ रुप कुमार बनर्जीहोमियोपैथिक चिकित्सक

हम सभी जानते हैं कि टहलना हमारी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है। खासकर सुबह-सुबह टहलने से हमें स्वच्छ हवा मिलती है जिसके बहुत सारे फायदे हैं। स्वच्छ हवा में टहलने से हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। सामान्य तौर पर व्यक्ति को दस हजार कदम चलना चाहिए। जो लोग अपना वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए टहलना काफी बेहतर उपाय है। हर दिन टहलने से स्वास्थ्य तो अच्छा रहता ही है ,हमारा शरीर भी फिट रहता है। खुद को फिट रखने के लिए आजकल बहुत सारे लोग खाना छोड़ देते हैं, तरह-तरह की दवाएं लेने लगते हैं, जरूरत से ज्यादा जिम में पसीना बहाने लगते हैं जोकि एक सीमा तक ही ठीक है।

फिट रहने का सबसे सामान्य उपाय है, पैदल टहलना। सुबह या शाम में समय निकाल कर थोड़ा बहुत टहल लेना। धीरे-धीरे शुरुआत करने से ही आगे टहलने की आदत बनी रहेगी। जो लोग रोजाना पैदल चलते हैं, उनका बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स, वेस्टलाइन और मेटाबॉलिज्म सब कुछ सही रहता है। इन लोगों में हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। वहीं दूसरी तरफ जो लोग घंटों ऑफिस में बैठकर काम करते हैं उनका बीएमआई, वेस्टलाइन, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल ज्यादा पाया जाता है।

रोजाना थोड़ी देर टहलने का मतलब है कम से कम 30 से 45 मिनट पैदल चलना। अगर एक बार में ज्यादा चलना संभव न हो तो कम से कम तेज चाल में 15 मिनट सुबह और 15 मिनट शाम टहल लें। सुबह जगने के बाद आप आधे घंटे टहल लें। हर दिन चलने से सेहत दुरुस्त रखेगा और वजन भी कम होने लगेगा। इसके अलावा घबराहट बेचैनी टेंशन अवसाद गठिया, मधुमेह, उच्च रक्तचाप इत्यादि रोगों में भी बहुत आराम मिल सकता है।ध्यान दें, यदि आपको किसी प्रकार की कोई बीमारी है जैसे वेरीकोज वेंस अथवा कोई और बीमारी तो अपने चिकित्सक से जरूर परामर्श ले लें।

न्यूज इन ब्रीफ

भारत और थाईलैंड की वायुसेनाएं आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए संयुक्त अभ्यास कर रहीं

नयी दिल्ली: रॉयल थाई वायुसेना और भारतीय वायुसेना आपसी समन्वय और तालमेल को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त अभ्यास में हिस्सा ले रही हैं जिसमें भारत के लड़ाकू विमान एसयू-30 एमकेआई के अलावा ईंधन भरने वाला विमान आईएल-78 और अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह अभ्यास नौ फरवरी को शुरू हुआ जो 13 फरवरी तक जारी रहेगा। भारतीय वायु सेना ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में हवाई अभ्यास के बारे में जानकारी साझा की। भारतीय वायु सेना ने पोस्ट किया, ''भारतीय वायु सेना और रॉयल थाई वायुसेना एक संयुक्त हवाई अभ्यास में भाग ले रही हैं। यह अभ्यास दोनों वायु सेनाओं के बीच आपसी समन्वय और तालमेल को बढ़ाएगा।'

पंजाब: सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता ने भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी को लेकर प्रदर्शन किया

चंडीगढ़: पंजाबी गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता ने एक संगीत निर्माता और दो अन्य लोगों पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप वाली उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने को लेकर मानसा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के खिलाफ बुधवार को प्रदर्शन किया। सिद्धू के माता-पिता की शिकायत उनके दिवंगत बेटे के रिलीज किए गए गानों के लिए बकाया रॉयल्टी भुगतान से संबंधित वित्तीय विवाद से जुड़ी है। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और 26 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। बलकौर सिंह और उनकी पत्नी चरण कौर अपने छोटे बेटे के साथ मानसा में एसएसपी कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठे तथा उन्होंने संगीत निर्माता व दो अन्य लोगों के खिलाफ अपनी शिकायत पर कार्रवाई की मांग की।

केरल ने बुजुर्गों के कल्याण पर केंद्रित नयी नीति को मंजूरी दी

तिरुवनंतपुरम: केरल सरकार ने बुधवार को नयी वृद्धजन नीति को मंजूरी दी। माना जा रहा है कि यह किसी भी राज्य द्वारा लाई गई पहली ऐसी नीति है, जो बुजुर्ग नागरिकों की गरिमा और कल्याण की सुरक्षा के लिए समावेशी और समानता पर आधारित ढांचा तय करती है। यह नीति इसलिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि राज्य में बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में यह कुल जनसंख्या का 16.5 प्रतिशत है-जो देश में सबसे अधिक और सबसे तेजी से बढ़ने वाला अनुपात है। यह आंकड़ा 2036 तक बढ़कर कुल आबादी का 23 प्रतिशत होने की संभावना है। राज्य की सामाजिक कल्याण और उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदु ने कहा कि यह नीति सक्रिय और स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देगी और राज्य में बुजुर्गों के सामाजिक तथा मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करेगी।

रोहित शेट्टी के आवास पर गोलीबारी का मकसद मुंबई में दहशत फैलाना था: पुलिस

मुंबई: फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास पर गोलीबारी में शामिल आरोपियों का मकसद शहर में दहशत फैलाना था। पुलिस ने अदालत को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के कठोर कानून के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। विशेष मकोका अदालत ने पांचों आरोपियों को 17 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, एक फरवरी की देर रात करीब 12.45 बजे जुहू स्थित शेट्टी के आवास की पहली मंजिल पर कम से कम पांच बार गोलियां चलाई गईं। एक गोली इमारत के अंदर स्थित जिम के शीशे पर लगी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा का जबरन वसूली रोधी प्रकोष्ठ इस मामले की जांच कर रहा है। अधिकारी ने कहा, कुछ आरोपी पहले से ही गंभीर अपराधों में शामिल हैं। अपराध शाखा ने मामले में मकोका की कड़ी धाराएं लगाई हैं।

वंदे भारत में एसी चेयर कार का किराया चीन, जापान और फ्रांस की तुलना में काफी कम : वैष्णव

नयी दिल्ली: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि वंदे भारत एसी चेयर कार का 300 से 400 किलोमीटर की यात्रा का किराया लगभग 2.19 रुपये प्रति किलोमीटर है, जो चीन, जापान और फ्रांस जैसे देशों से काफी कम है। वैष्णव के अनुसार, इन देशों में किराया 7 रुपये से लेकर 20 रुपये प्रति किलोमीटर तक होता है। वंदे भारत ट्रेनों के किराये के संबंध में पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा, 'रेल मंत्रालय विभिन्न प्रकार की यात्री सेवाओं के किराये का निर्धारण करते समय सेवा की लागत, सेवा का स्तर, दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं के प्रकार, वहनीयता, सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर गौर करता है।' उन्होंने बताया कि वंदे भारत सेवाएं फरवरी 2019 में शुरू की गई थीं और वर्तमान में 82 मार्गों पर 164 ट्रेनें चल रही हैं। रेल मंत्री ने जानकारी दी कि वंदे भारत ट्रेनें एक विशिष्ट किराया संरचना और बेहतर 'सस्पेंशन' सिस्टम, सेमी-हाई-स्पीड संचालन के साथ तेज गति, स्वचालित द्वार, आरामदेह सीटें, मिनी पैंट्री, सीसीटीवी और कवच जैसी सुविधाओं के साथ एक अलग यात्री सेवा खंड के रूप में संचालित होती हैं। उन्होंने कहा कि वहनीयता को ध्यान में रखते हुए, इन ट्रेनों का किराया सेवा लागत से कम रखा गया है। वैष्णव ने कहा, 'वंदे भारत एसी चेयर कार का 300 से 400 किलोमीटर की यात्रा का किराया लगभग 2.19 रुपये प्रति किलोमीटर है, जो चीन, जापान और फ्रांस जैसे देशों में इसी तरह की सेवाओं के किराये से काफी कम है, जहां यह 7 रुपये से 20 रुपये प्रति किलोमीटर तक है।' वहीं, ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल नहीं करने से संबंधित कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के प्रश्न के लिखित उत्तर में रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री को औसतन 45 प्रतिशत की रियायत मिलती है। वैष्णव ने कहा, ''भारतीय रेलवे ने 2023-24 में यात्री टिकटों पर 60,466 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी। इसका मतलब है कि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 45 प्रतिशत की रियायत मिलती है।'

चारधाम तक रेल संपर्क के लिए सर्वेक्षण पूरा हो गया है : रेल मंत्री वैष्णव

सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि चारधाम तक रेल संपर्क के लिए ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नामक एक नयी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी गई है तथा गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक रेल संपर्क के विस्तार के लिए सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भाजपा सांसद अनिल बलूनी और अजय भट्ट के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में 40,384 करोड़ रुपये की लागत वाली 216 किलोमीटर की कुल लंबाई की तीन नयी लाइन को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 16 किलोमीटर हिस्सा चालू हो गया है और मार्च 2025 तक 19,898 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है।

जन प्रतिनिधि काम न करे तो मतदाताओं के पास उसे वापस बुलाने का अधिकार हो : राघव चड्ढा

नयी दिल्ली: राज्यसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने काम नहीं करने की स्थिति में जन प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार मतदाताओं को दिए जाने, प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुए बड़े हादसों और अभिभावकों की वृद्धावस्था में देखभाल न किए जाने जैसे मुद्दे उठाए तथा सरकार से अपेक्षित कदम उठाने का अनुरोध किया। शून्यकाल में आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कहा कि जिस तरह मतदाताओं को मतदान का अधिकार है उसी तरह, काम नहीं करने की स्थिति में 'राइट टू रिकॉल' (जनप्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार) भी मतदाताओं के पास होना चाहिए। चड्ढा ने कहा ''अगर देश का मतदाता अपने नेताओं को चुन सकता है तो उसे उन्हें काम न करने पर हटाने का हक भी होना चाहिए। 'राइट टू रिकॉल' व्यवस्था मतदाताओं को अधिकार संपन्न बनाएगी ताकि अगर जन प्रतिनिधि काम न करे तो उसे हटाया जा सके।'' उन्होंने कहा कि सांसद या विधायक चुने जाने के बाद अगर जन प्रतिनिधि काम न करे तो जनता के पास पांच साल तक बर्दाश्त करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। ''गलत नेता को चुनने के एक गलत फैसले से पूरा क्षेत्र, पूरा समय बर्बाद होता है और लाखों मतदाता इसका खामियाजा भुगतते हैं।' चड्ढा ने स्पष्ट किया कि 'राइट टू रिकॉल' नेताओं के खिलाफ हथियार नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि 'राइट टू रिकॉल' के तहत मतदाता एक निर्धारित और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचित प्रतिनिधि को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। चड्ढा ने कहा कि भारत में पहले ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और न्यायाधीशों के लिए महाभियोग की व्यवस्था है और सरकारों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका, स्विटजरलैंड और कनाडा सहित दुनिया के 20 से अधिक लोकतांत्रिक देशों में 'राइट टू रिकॉल' की व्यवस्था है। हमारे देश में कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में ग्राम पंचायत में यह व्यवस्था है।'

पंजाब: आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़; आईईडी बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

चंडीगढ़: पंजाब पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति की गिरफ्तारी और रिमोट कंट्रोल से संचालित एक आईईडी की बरामदगी के साथ पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी पर आधारित एक अभियान में आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि एक विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। यादव ने 'एक्स' पर कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित एक व्यक्ति के संपर्क में था। उन्होंने कहा, 'आतंकी सामग्री की खेप सीमा पार भेजी गई थी और शहर के बाहरी इलाके में एक निर्धारित स्थान से बरामद की गई।' उन्होंने कहा, 'इस परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल पंजाब और दिल्ली समेत कई राज्यों में लक्षित हमलों के लिए किया जाना था।' यादव ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए जांच जारी है।

फिल्म जगत ने हमारा साथ दिया है, हम आभारी हैं: राजपाल यादव की पत्नी राधा ने कहा

मुंबई: अभिनेता राजपाल यादव की पत्नी राधा यादव ने बुधवार को कहा कि 'चेक बाउंस' मामलों में तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के बाद फिल्म उद्योग के कई लोग हास्य कलाकार के समर्थन में आगे आए हैं। बकाया राशि चुकाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा और समय देने की याचिका खारिज किए जाने के बाद राजपाल यादव को तिहाड़ जेल भेज दिया गया था। अभिनेता को करीब नौ करोड़ रुपये का भुगतान करना है। यादव को 'मुझसे शादी करोगी', 'वक्त', 'फिर हेरा फेरी', 'पार्टनर', 'भूल भुलैया', 'हंगामा' और 'चुप चुप के' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाता है। फिल्म उद्योग से अभिनेता सोनू सूद, गुरमीत चौधरी और संगीतकार राव इंदरजीत यादव सहित कई लोगों ने परिवार को आर्थिक सहायता की पेशकश की तथा अन्य लोगों से भी आगे आने की अपील की। राधा यादव ने पीटीआई-भाषा से कहा, सब लोग उनके साथ खड़े हैं। फिल्म उद्योग ने बहुत सहयोग किया है। जो भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं, हम सबका बहुत धन्यवाद करते हैं। राजपाल यादव के 25 वर्षों से मैनेजर रहे गोल्डी जैन ने कहा कि प्रमुख अभिनेताओं से लेकर निर्देशकों और निर्माताओं तक, कई लोगों ने सहायता की पेशकश की है। मीडिया में आई एक खबर में दावा किया गया कि अभिनेता सलमान खान, अजय देवगन, वरुण धवन और फिल्म निर्माता डेविड धवन ने भी आर्थिक मदद की पेशकश की है। जैन ने कहा, लोगों ने मदद के लिए पहल की है। सभी ने मदद का वादा किया है, इसका मतलब सिर्फ आर्थिक मदद नहीं है। यह सही है कि (सलमान, अजय, वरुण और डेविड धवन) इन लोगों ने फोन किया है। किस रूप में और कैसे मदद करेंगे, यह अभी तय होना बाकी है। वे सभी राजपाल भाई के शुभचिंतक हैं।

स्थानीय स्तर पर भर्ती बढ़ाने के लिए मिजोरम ने भारतीय सेना के साथ साझेदारी की

आइजोल: मिजोरम युवा आयोग (एमवाईसी) ने भारतीय सशस्त्र बलों में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यहां एआरओ मुख्यालय में 'यंग मिजो एसोसिएशन' (वाईएमए) के अध्यक्ष मालसॉमजुआला राल्ते और एआरओ निदेशक कर्नल प्रकाश कुमार सिंह के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद इस सहयोग को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक भर्ती रैलियों को स्थानीय उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर मानते हुए दोनों पक्षों ने स्थानीय अभ्यर्थियों की सफलता दर बढ़ाने के वास्ते एक व्यापक सहयोग तंत्र पर सहमति जताई है।

गौरव गोगोई के 'पाकिस्तान से संबंधों' पर एसआईटी की रिपोर्ट केंद्र को भेजी जाएगी : हिमंत विश्व शर्मा

गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के कथित 'पाकिस्तान संबंधों' पर विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट को आगे की विस्तृत जांच के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। शर्मा ने कहा कि इससे पहले सांसद द्वारा हाल ही में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में किए गए 'खुलासों' को शामिल करने के लिए रिपोर्ट में संशोधन किया जाएगा, जिसमें रावलपिंडी जिले की उनकी यात्रा भी शामिल है। इसके बाद ही रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। शर्मा ने इस बात पर बल दिया कि कांग्रेस सांसद का पड़ोसी देश से कथित संबंध चुनावी मुद्दा नहीं है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संघर्ष यह सुनिश्चित करना है कि ''पाकिस्तान असम में प्रवेश न करे।'

वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य, स्वास्थ्य कारणों से रिहा नहीं किया जा सकता: केंद्र

नयी दिल्ली: केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि हिरासत में लिये जाने के बाद से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की 24 बार चिकित्सकीय जांच की जा चुकी है और वह 'पूरी तरह स्वस्थ'' हैं तथा चिंता की कोई बात नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को बताया कि जिन स्थितियों में वांगचुक को हिरासत में लिया था उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और स्वास्थ्य कारणों से उन्हें रिहा करना संभव नहीं है।

असम-अरुणाचल सीमा विवाद: पक्के केसांग-विश्वनाथ जिले में सीमा पर पिलर लगाने का काम शुरू

ईटानगर: असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच दशकों से जारी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए अरुणाचल प्रदेश के पक्के केसांग जिले और असम के विश्वनाथ जिले की सीमा पर औपचारिक रूप से पिलर लगाने का काम शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह कार्य सोमवार को शुरू किया गया। इसकी निगरानी दोनों राज्यों के अधिकारियों के साथ-साथ 'भारतीय सर्वेक्षण विभाग' के माध्यम से केंद्र सरकार के प्रतिनिधि भी कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए इससे पूर्व दोनों राज्यों के बीच एक समझौता हुआ था जिसके बाद यह कदम सामने आया है जो दोनों पक्षों की शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कदम से सीमा पर रहने वाले समुदायों के बीच स्पष्टता और स्थिरता आने के साथ-साथ पड़ोसी क्षेत्रों के बीच शांति, सद्भाव और सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। पक्के केसांग जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया। वाहगे ने कहा, ''यह लंबे समय से लंबित सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हस्ताक्षरित ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन के अनुरूप है, जिससे स्थायी शांति, सद्भाव और सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा।'' उन्होंने इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके असम के समकक्ष हिमंत विश्व शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस विवाद को सुलझाने को लिए जुलाई 2022 में 'नामसाई घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर के बाद में बड़ी प्रगति हुई, जिसने एक शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान की नींव रखी। दोनों राज्यों ने सहयोगात्मक और चरणबद्ध तरीका अपनाया, जिसमें पहले कम जटिल क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया। जुलाई 2022 में 'नामसाई घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद इस विवाद के समाधान की दिशा में बड़ी प्रगति हुई। इस घोषणापत्र ने दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद के सौहार्दपूर्ण और स्थायी समाधान की नींव रखी।

प्रधानमंत्री 14 फरवरी को भारतीय वायुसेना के एयर शो से पहले असम के राजमार्ग पर उतरेंगे

गुवाहाटी: मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में हाइवे इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर उतरेंगे। इस सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा एक भव्य हवाई प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री शनिवार सुबह नयी दिल्ली से चाबुआ वायुसेना अड्डे के लिए उड़ान भरेंगे। वहां से वे उड़ान भरकर जिले के मोरान स्थित ईएलएफ पर उतरेंगे।' इसके बाद प्रधानमंत्री भारतीय वायुसेना के लगभग 16 विमानों के हवाई प्रदर्शन का गवाह बनेंगे जो 30 मिनट तक या तो यहां उतरेंगे या इसके ऊपर से उड़ान भरेंगे। शर्मा ने कहा, 'इस हवाई प्रदर्शन में राफेल, सुखोई और भारतीय वायुसेना के अन्य विमान भाग लेंगे, और कई लड़ाकू विमान भी इस पट्टी पर उतरेंगे। ईएलएफ पर यह पहला ऐसा विस्तृत अभ्यास होगा।' मुख्यमंत्री ने बताया कि मोदी ईएलएफ से गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेंगे, जहां से वे चुनावी राज्य की अपनी एक दिवसीय यात्रा के अगले चरण पर पहुंचेंगे। इससे पहले शर्मा ने कहा था कि ईएलएफ राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा तैयारियों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा था कि भारतीय वायु सेना के समन्वय से डिब्रूगढ़-मोरान राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के तहत निर्मित मोरान ईएलएफ को मोरान और डेमो के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के 4.2 किलोमीटर के हिस्से में विकसित किया गया है।

अब तक 8,710 कृषि सहकारी समितियां स्थापित हुईं, 27 प्रतिशत लक्ष्य हासिल : अमित शाह



नयी दिल्ली: सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि 2024-25 और 2025-26 के दौरान 32,752 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) गठित करने का लक्ष्य रखा गया था और अब तक 8,710 पैक्स स्थापित की गई हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 27 प्रतिशत है। शाह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान 32,752 पैक्स गठित करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 8,710 पैक्स गठित की गई हैं, जो उक्त दो साल की अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 27 प्रतिशत की उपलब्धि दर्शाती है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान सबसे अधिक पैक्स ओडिशा में (1,543) स्थापित किए गए। उसके बाद राजस्थान (1,387), उत्तर प्रदेश (1,099), मध्यप्रदेश (621) और उत्तराखंड (621) का स्थान रहा। गुजरात में 525 पैक्स, असम और छत्तीसगढ़ में 469-469, महाराष्ट्र में 149 और हिमाचल प्रदेश में 116 पैक्स स्थापित किए गए।

भारत 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा, 2030 तक 5जी उपभोक्ता 100 करोड़ होने का अनुमान: सरकार

नयी दिल्ली: सरकार ने बुधवार को कहा कि वाई-फाई कनेक्टिविटी की 4जी तकनीक में भारत विश्व के पीछे था, 5जी में विश्व के साथ चला है और 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा, यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह भी कहा कि अभी देश में 5जी कनेक्टिविटी के उपभोक्ताओं की संख्या 40 करोड़ है और 2030 तक यह आंकड़ा 100 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की मिताली बाग के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, 'वाई-फाई कनेक्टिविटी की 4जी तकनीक में भारत विश्व के पीछे था, 5जी में विश्व के साथ चला है और 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा, यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।'' उन्होंने कहा कि भारत में 5जी तकनीक का क्रियान्वयन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से हुआ है और 22 महीने में देशभर में इसे लागू कर दिया गया। सिंधिया ने कहा, ''आज देश के 99.9 प्रतिशत जिलों में 5जी लागू है। आज देश में 40 करोड़ लोग 5जी तकनीक का उपयोग कर रहे हैं और 2030 में यह संख्या 100 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।'' संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद भोला सिंह के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि देश के लगभग 6,40,000 गांवों में से केवल 10 हजार गांव ही शेष रह गए हैं जहां 4जी तकनीक नहीं पहुंची है।

भारतीय वायु सेना नई पीढ़ी के और अधिक विमान शामिल करने की इच्छुक: उपप्रमुख

नयी दिल्ली: वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने बुधवार को कहा कि भारतीय वायु सेना अपने बेड़े में नई पीढ़ी के और भी अधिक विमानों को शामिल करने की इच्छुक है। कपूर वायु शक्ति अभ्यास से पहले एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राफेल के बारे में उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल निश्चित रूप से अन्य नायकों के साथ-साथ एक नायक था। जी हां, राफेल इन दिनों एक चर्चित शब्द बन चुका है; यह निश्चित रूप से चर्चा के केंद्र में है। वायुसेना के उपप्रमुख ने कहा, वायुसेना और भी कई एमआरएफए (बहु-भूमिका लड़ाकू विमान) को शामिल करने का इच्छुक है, चाहे वह राफेल हो या कोई अन्य विमान, इस पर फिलहाल विचार चल रहा है। और इस संबंध में अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कपूर ने कहा, भारतीय वायु सेना अपने बेड़े में नई पीढ़ी के और अधिक विमान शामिल करने के लिए उत्सुक है, और जितनी जल्दी हो सके उतना अच्छा है। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने इसी कार्यक्रम में बताया कि आगामी वायु शक्ति अभ्यास में राफेल, एसयू-30, मिग-29, तेजस, जगुआर और अन्य लड़ाकू विमान शामिल होंगे, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय वायु सेना के सफल योगदान को प्रदर्शित करेंगे।

वीबी-जी राम जी योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र का विकास : चौहान

अगरतला: केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि वीबी-जी राम जी योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन करना और साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना है। चौहान ने विपक्षी कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर वीबी-जी राम जी योजना के खिलाफ 'नकारात्मक अभियान' चलाने का आरोप भी लगाया। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना भारत को एक विकसित देश बनाने की रूपरेखा है। उन्होंने कहा, 'वीबी-जी राम जी का उद्देश्य रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना है, लेकिन विपक्षी दलों कांग्रेस और माकपा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुमराह करने के लिए इसके खिलाफ नकारात्मक अभियान चला रहे हैं।'' चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने हाल में लोकसभा में पेश किए गए बजट में वीबी-जी राम जी के लिए रिकॉर्ड धनराशि आवंटित की है। उन्होंने कहा, 'केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री ने ग्राम पंचायत योजना के कार्यान्वयन के लिए 95,600 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए हैं। राज्यों के योगदान को भी जोड़ दें तो कुल व्यय 1,51,282 करोड़ रुपये होगा और वित्त आयोग ग्राम पंचायतों को सीधे 55,000 रुपये की धनराशि प्रदान करेगा।'

हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं , दबाव भारत पर है : नामीबिया के हरफनमौला इटोन

नयी दिल्ली : नामीबिया के हरफनमौला जान निकोल लोफ्टी इटोन का मानना है कि गत चैम्पियन भारत पर अपनी धरती पर खेलने का दबाव होगा और बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप के इस मैच में उनकी टीम के पास खोने के लिये कुछ नहीं है। नामीबिया को पहले मैच में नीदरलैंड ने यहां सात विकेट से हराया था जबकि भारत ने मुंबई में अमेरिका को मात दी। लोफ्टी इटोन ने मैच से पहले कहा ,'' भारत में खेलना बहुत बड़ी बात है और दबाव भारत पर रहेगा। लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने अपने मैदान पर खेलने का फायदा भी मिलेगा। हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है। हम अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने के लिये खेलेंगे।'' उन्होंने कहा ,'' हमें अपने कौशल पर भरोसा रखना होगा। हमने होमवर्क कर लिया है और बस खुद पर भरोसा रखकर कल खेलना है। टी20 मजेदार प्रारूप है और इसमें कुछ भी हो सकता है।'' नामीबिया के लिये 51 वनडे और 52 टी20 खेल चुके 24 वर्ष के बल्लेबाज हरफनमौला ने कहा कि उनके देश में क्रिकेट तेजी से बढ रहा है। उन्होंने कहा , लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

अमेरिका मैच के बाद बदली रणनीति, दबाव संभालने की जिम्मेदारी सूर्यकुमार और तिलक पर

नयी दिल्ली : आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाने वाली भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ शुरुआती मुकाबले के बाद अपनी रणनीति पर फिर से विचार किया है। उस मैच में असमान उछाल वाली पिच पर भारत ने 77 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे, जिससे टीम प्रबंधन को हालात के अनुसार खेलने की जरूरत का अहसास हुआ। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उस मुकाबले में पारी को संभालते हुए टीम को संकट से उबारा। पिछले छह महीनों में टी20 प्रारूप में खुद को स्थापित करने वाले तिलक वर्मा ने माना कि यदि शुरुआती विकेट जल्दी गिरते हैं तो मध्यक्रम की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। टीम ने तीसरे और चौथे नंबर पर तिलक और सूर्यकुमार को पारी को स्थिरता देने की जिम्मेदारी सौंपी है। तिलक ने कहा, हमने इस पर चर्चा की है कि तीसरे और चौथे नंबर पर हमें हालात के मुताबिक खेलना होगा। मैं और सूर्या भाई स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं, गैप ढूंढ सकते हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक और ईशान आक्रामक शुरुआत की जिम्मेदारी निभाते हैं, संजू भी तेजी से रन बना सकते हैं। नीचे के क्रम में भी हमारे पास ताकतवर बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में छह से 16 ओवर के बीच का खेल निर्णायक होता है। हमने तय किया है कि दबाव की स्थिति में एक-दो ओवर रुककर परिस्थिति को समझेंगे और फिर बल्लेबाजी की गहराई का फायदा उठाते हुए गति बढ़ाएंगे।

कोलंबो में भारत-पाक मुकाबले पर तिलक ने कहा, हम तैयार हैं

भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि टीम 15 फरवरी को टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अन्य सदस्य देशों के दबाव के बाद कोलंबो में भारत के खिलाफ मुकाबले के बहिष्कार पर 'यू-टर्न' लेकर खेलने का फैसला किया। तिलक ने कहा, ''सच कहूं तो हम इस मैच में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हमें कल पता चला कि मैच होने वाला है। हम खेलने के लिए तैयार हैं। हम सभी टीमों पर नजर रखे हैं। हम गेंदबाजों को और बल्लेबाजों को देख रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''सभी खिलाड़ी और टीम के सदस्य खेलने के लिए तैयार हैं। अब हम 'मैच जोन' में हैं। योजना शुरू होगी। ''

बुमराह का यॉर्कर किशन के बायें पैर पर लगा, अभिषेक की जगह खेलने को तैयार संजू

नयी दिल्ली : ईशान किशन ने बुधवार को नेट अभ्यास पर अपना जबर्दस्त फॉर्म बरकरार रखा लेकिन बाद में जसप्रीत बुमराह का यॉर्कर उनके बायें पैर पर लगा। बुमराह ने लगातार दूसरे दिन जमकर गेंदबाजी का अभ्यास किया। वह अमेरिका के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे। किशन गेंद लगने के बाद नेट्स से चले गए। वह बाद में बल्लेबाजी के लिये आये लेकिन ज्यादा देर बल्लेबाजी नहीं की। नामीबिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को बुमराह का खेलना तय लग रहा है। यह मैच पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को कोलंबो में होने वाले मुकाबले की तैयारी के लिये अहम है। बुमराह ने गेंदबाजी के बाद कैचिंग का भी अभ्यास किया। खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर संजू सैमसन को अभिषेक शर्मा के नहीं खेलने पर मौका मिल सकता है। अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में थे हालांकि उन्हें आज छुट्टी मिल गई।

उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन पर बहस, अश्विन ने किया समर्थन

कोलंबो : पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक अपने अनोखे 'स्टॉप एंड पॉज' साइड-आर्म एक्शन के कारण चर्चा में हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उनके गेंद डालते समय रुकने की शैली को संदिग्ध बताया, लेकिन भारत के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने खुलकर उनका समर्थन किया है। अश्विन ने कहा कि किसी भी गेंदबाज के एक्शन की वैधता का फैसला केवल आईसीसी के अधिकृत बॉलिंग एक्शन टेस्टिंग सेंटर में ही हो सकता है। उन्होंने 15 डिग्री नियम का उल्लेख करते हुए कहा कि मैदान पर अंपायर के लिए इसे परखना आसान नहीं है और यह एक 'ग्रे एरिया' है। दक्षिण अफ्रीका के विश्लेषक प्रसन्ना अघोरम और पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी ने भी तारिक के एक्शन को नियमों के अनुरूप बताया। वहीं आकाश चोपड़ा ने 'पॉज' को सही मानते हुए उनकी रफ्तार में बदलाव पर तकनीकी सवाल उठाया।

रदरफोर्ड और मोती के दम पर वेस्टइंडीज की इंग्लैंड पर 30 रन से जीत

मुंबई : शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक नाबाद 76 रन की पारी और गुडाकेश मोती की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अहम मुकाबले में इंग्लैंड को 30 रन से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 196 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और आठ रन पर दो विकेट गिर गए। दस ओवर के बाद स्कोर 79/4 था, लेकिन रदरफोर्ड ने 42 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से नाबाद 76 रन बनाकर पारी संभाली। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (14) के साथ 51 रन और जैसन होल्डर (17 गेंद में 33 रन) के साथ 32 रन की साझेदारी की। होल्डर ने सैम कुरेन के एक ओवर में तीन छक्के जड़कर रनगति तेज की। 197 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की टीम 19 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। फिल साल्ट ने 14 गेंद में 30 रन बनाए, जबकि सैम कुरेन 43 रन बनाकर नाबाद रहे। जोस बटलर (21) और कप्तान हैरी ब्रूक (17) बड़ी पारी नहीं खेल सके। मोती ने 32 रन देकर तीन विकेट झटके और इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। आदिल रशीद ने दो विकेट लिए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हराया

कोलंबो : ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज नाथन एलिस और एडम जम्पा के शानदार प्रदर्शन से बुधवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में आयरलैंड को 67 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिस और जम्पा ने चार चार विकेट झटके जिससे आयरलैंड की टीम 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.5 ओवर में 115 रन पर ढेर हो गई। मार्कस स्टोइनिस (45 रन) और मैथ्यू रेनशॉ (37 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रन की अहम साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

पेट में संक्रमण से जूझ रहे अभिषेक शर्मा को दो दिन बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

नयी दिल्ली : भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल रहने के बाद छुट्टी मिल गई है लेकिन नामीबिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा ने कहा कि अभिषेक के कल खेलने को लेकर अभी फैसला नहीं लिया गया है। तिलक ने पत्रकारों से कहा ,'' जब हम दिल्ली पहुंचे तो वह चेकअप के लिये अस्पताल गया था। उसे आज छुट्टी मिल गई है और वह ठीक है। मैच में अभी भी एक दिन का समय है। उम्मीद है कि कल इस पर फैसला लेंगे। देखना होगा कि वह कैसा महसूस कर रहा है।'' अभिषेक अमेरिका के खिलाफ शनिवार को मुंबई में खेले गए पहले मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए थे और इसके बाद उन्होंने इस मैच में आगे हिस्सा नहीं लिया था। उनकी जगह संजू सैमसन ने फील्डिंग की थी। समझा जाता है कि मैच के दौरान उनकी तबीयत खराब थी और दिल्ली पहुंचने के बाद और बिगड़ गई। भारत की प्राथमिकता नामीबिया के खिलाफ मैच नहीं है, बल्कि 15 फरवरी को कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच है, जहां पिच थोड़ी अलग होगी।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान को हराया, रोमांचक मुकाबले में मिली जीत

पहला सुपर ओवर 17-17 रन से टाई रहा, जिसके बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने 23 रन बनाकर मैच अपने नाम किया

अहमदाबाद : टी20 विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को दूसरे सुपर ओवर में हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। रहमानुल्लाह गुरबाज की 42 गेंदों पर 84 रन की साहसिक पारी के बावजूद अफगानिस्तान को हार झेलनी पड़ी, जिससे उसकी सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 187 रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 28 गेंदों में 61 रन और क्विंटन डीकॉक ने 59 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े। अंत में डेविड मिलर (नाबाद 20) और मार्को यानसन (16) ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने तीन और राशिद खान ने दो विकेट लिए। जवाब में अफगानिस्तान भी 19.4 ओवर में 187 रन पर सिमट गया। गुरबाज ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट झटके। पहला सुपर ओवर टाई रहा, दोनों टीमों ने 17-17 रन बनाए। दूसरे सुपर ओवर में मिलर के दो छक्कों से दक्षिण अफ्रीका ने 23 रन बनाए। जवाब में केशव महाराज ने कसी गेंदबाजी की। गुरबाज ने लगातार तीन छक्के जड़े, लेकिन आखिरी गेंद पर आउट हो गए और अफगानिस्तान लक्ष्य से चूक गया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका के दो मैचों में चार अंक हो गए हैं, जबकि अफगानिस्तान की लगातार दूसरी हार ने उसकी राह मुश्किल कर दी है।

अकासा एयर के सह-संस्थापक प्रवीण अय्यर का इस्तीफा

नयी दिल्ली : अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन कंपनी में चार महीने के भीतर वरिष्ठ स्तर पर यह दूसरा इस्तीफा है। अकासा एयर ने बुधवार को बयान में कहा कि पांच वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा के बाद अय्यर ने अपने जीवन के अगले अध्याय की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि वह कामकाज का सुचारू एवं व्यवस्थित हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए 30 अप्रैल, 2026 तक नेतृत्व दल के साथ मिलकर का करेंगे। अय्यर, नीलू खत्री के बाद कंपनी छोड़ने वाले दूसरे सह-संस्थापक हैं। खत्री ने अक्टूबर 2025 में पद छोड़ा था। अकासा एयर के वर्तमान में चार सह-संस्थापक आदित्य घोष, आनंद श्रीनिवासन, बेलसन कुटिन्हो और भाविन जोशी हैं। श्रीनिवासन जो वर्तमान में मुख्य सूचना अधिकारी हैं, अब मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे। कंपनी ने मुख्य सूचना अधिकारी की तलाश शुरू कर दी है। श्रीनिवासन के इस नए पदभार संभालने के बाद, एयरलाइन कंपनी का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मुख्य वित्त अधिकारी अंकुर गोयल के अधीन काम करेगा।

चांदी 4,000 रुपये बढ़कर 2.68 लाख रुपये पर, सोना भी मजबूत

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 4,000 रुपये बढ़कर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए सोना 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी मंगलवार के बंद स्तर 2,64,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 4,000 रुपये या 1.5 प्रतिशत बढ़कर 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में भी व्यापारियों की लिवाली देखी गई, जिससे कीमतें 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गईं।

एसबीआई बाजार पूंजीकरण के मामले में चौथे स्थान पर, टीसीएस को पीछे छोड़ा

मुंबई : भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मजबूत तिमाही नतीजों के बाद आई तेजी के दम पर बुधवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की चौथी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आने से उसने दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर एसबीआई का शेयर 3.40 प्रतिशत बढ़कर 1,183 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.23 प्रतिशत चढ़कर 1,181.10 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह शेयर लगभग चार प्रतिशत चढ़कर अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर बीएसई पर 1,187.70 रुपये और एनएसई पर 1,187.50 रुपये तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 10,91,982.06 करोड़ रुपये रहा, जो बीएसई पर टीसीएस के 10,52,646.38 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण से अधिक है। इस बीच टीसीएस का शेयर 2.5 प्रतिशत टूटकर बीएसई और एनएसई पर क्रमश: 2,909.40 रुपये और 2,909 रुपये के भाव पर बंद हुए। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो का स्थान रहा। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर 21,028 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक लाभ दर्ज किया है जबकि एकीकृत आधार पर उसका शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद, आईटी शेयरों में गिरावट

मुंबई : उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वाहन शेयरों में हुआ फायदा आईटी शेयरों में मिले नुकसान से जाता रहा। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 40.28 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,487.24 अंक के ऊपरी और 84,081.25 अंक के निचले स्तर तक गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्युटिकल्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के कारण इस सप्ताह अबतक रही तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है। बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के मिले-जुले नतीजों, आगामी मुद्रास्फीति आंकड़ों और व्यापार समझौते के विवरणों पर है। विवरण को अंतिम रूप दिए जाने की खबरें आ रही हैं।'' नायर ने कहा कि वाहन और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में मजबूती उम्मीद से बेहतर नतीजों को बताती है, जबकि कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित अस्थिरता के चलते वैश्विक स्तर पर आई बिकवाली के कारण आईटी क्षेत्र का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

बिहार विधानसभा में 12,165 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट पारित

पटना : बिहार विधानसभा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 12,165 करोड़ रुपये से अधिक के तृतीय अनुपूरक बजट से संबंधित विनियोग विधेयक को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि-मत से पारित कर दिया। बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए 12,165 करोड़ रुपये से अधिक का तृतीय अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया था। वित्त वर्ष 2025-26 के इस तृतीय अनुपूरक बजट में वार्षिक योजना मद के तहत 9,586.39 करोड़ रुपये और स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद के तहत 2,579.04 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट में समग्र शिक्षा अभियान के लिए केंद्रीय अंश के रूप में 41.82 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 1,013 करोड़ रुपये और सक्षम आंगनवाड़ी पोषण-2.0 के लिए 633.63 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सक्षम आंगनवाड़ी पोषण-2.0 कुपोषण से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम है। इस योजना में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण सामग्री और सेवाओं की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समन्वित तंत्र विकसित किया जाता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के लिए केंद्रीय अंश के रूप में 1,184 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) का उद्देश्य गरीब परिवारों को स्वरोजगार और कौशल आधारित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

भारत के साथ व्यापार समझौते पर संशोधित दस्तावेज से व्हाइट हाउस ने ''कुछ दालों'' का जिक्र हटाया

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन : अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने अंतरिम व्यापार समझौते पर जारी संशोधित दस्तावेज में उन अमेरिकी उत्पादों की सूची से ''दालों'' का जिक्र हटा दिया है जिन पर भारत के शुल्क समाप्त करने या कम किए जाने की बात कही गई थी। व्हाइट हाउस ने ''अमेरिका और भारत ने की ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा'' शीर्षक से एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) सोमवार को जारी किया था। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने इसे जारी किया। इसमें समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है जैसे कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, ''कुछ दालें'', सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। इसमें साथ ही यह कहा गया था कि भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

बीएचईएल की बिक्री पेशकश को दोगुना अभिदान, संस्थागत निवेशकों ने 5,650 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं

नयी दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में सरकार की पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को बुधवार को बोली के पहले दिन दो-गुना से अधिक अभिदान मिल गया। संस्थागत निवेशकों ने 5,650 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां लगाईं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव अरुणीश चावला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) में ग्रीन शू विकल्प का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। चावला ने कहा, बीएचईएल में बिक्री पेशकश को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और पहले दिन इसे 2.3 गुना से अधिक अभिदान किया गया। खुदरा निवेशकों को बृहस्पतिवार को ओएफएस में बोली लगाने का मौका मिलेगा। सरकार बीएचईएल में अपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 254 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 4,422 करोड़ रुपये जुटाएगी।

देश का निर्यात जनवरी में सकारात्मक रहने की उम्मीद: वाणिज्य सचिव

न्यूर्नबर्ग (जर्मनी) : वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अब तक भारत के वस्तु एवं सेवा निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है और जनवरी में भी इसके सकारात्मक रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि जनवरी के आंकड़े इस महीने आधिकारिक रूप से जारी किए जाएंगे। अग्रवाल ने यहां पत्रकारों से कहा, '' कुल मिलाकर निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वस्तु निर्यात में हम मजबूती से टिके हुए हैं। सेवाएं हमेशा की तरह बहुत अच्छा कर रही हैं। आप (जनवरी के आंकड़ों) के सकारात्मक रहने की उम्मीद कर सकते हैं।'' जनवरी के निर्यात आंकड़ों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। अग्रवाल यहां 'बायोफैच' 2026 प्रदर्शनी में हिस्सा लेने पहुंचे हैं जहां 100 से अधिक भारतीय प्रदर्शक और करीब 20 राज्य अपने जैविक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यूरोपीय संघ इन उत्पादों का बड़ा बाजार है। देश का वस्तु निर्यात दिसंबर में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा। समीक्षाधीन महीने में आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-दिसंबर दौरान देश का वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय को उम्मीद है कि 2025-26 में वस्तु एवं सेवा निर्यात 850 अरब डॉलर को पार कर सकता है जो 2024-25 में 825 अरब डॉलर रहा था।

वर्ष 10, पूर्णांक 3501 अंक 311 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in